राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14

अंक : 320

पृष्ठ : 08

गौतमबुद्धनगर

सोमवार 13 अक्टूबर 2025

मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 जिलाधिकारी ने गौतम बुद्ध नगर में परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

पेज 4 शारदा नदी पर अब तक नहीं बन पाया पैंटून पुल

पेज 6 रोहित शर्मा के ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर रहेंगी सबकी निगाहे

## संक्षिप्त खबरें

### डीजीसीए ने इंडिगो पर 40 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने इंडिगो एयरलाइंस पर 40 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। पायलट ट्रेनिंग में अन-क्वालिफाइड फ्लाइट सिमुलेटर के इस्तेमाल करने की वजह से ये एक्शन लिया गया है। जांच में पाया गया कि करीब 1700 पायलटों की ट्रेनिंग कैटेगरी सी एयरपोर्ट्स जैसे कालिकट, लेह और काठमांडू हवाई अड्डों पर नियमों के अनुसार बताए गए सिमुलेटरों पर नहीं हुई। डीजीसीए ने 11 अगस्त 2025 को ट्रेनिंग डायरेक्टर को शो कॉज नोटिस जारी किया था। इंडिगो ने 22 अगस्त को इसका जवाब दिया लेकिन इसे संतोषजनक नहीं पाया गया, इसलिए पेनल्टी लगाई गई।

### ममता बोलीं- लड़कियों को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए। खासकर सुनसान इलाकों में सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहाङ्क इस घटना की पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की है। निजी कॉलेजों को छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पुलिस को कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। किसी को बख्शा नहीं जाएगा, तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



### हैप्पी मॉर्निंग

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया। और सारी लड़किया देखते ही दीवानी हो गईं। लेकिन फिर लड़के ने आते ही कुछ ऐसा कहा कि लड़कियां बेहोश हो गईं। सोचो क्या कहा होगा? थोड़ी जगह देना बहन जी। झाड़ू लगानी है



### शायरी

सहम उठते हैं कच्चे मकान पानी के खौफ से,
महलों की आरजू यह है की बरसात तेज हो।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
82,500.82
+328.72 (0.40%)
निफ्टी:
25,285.35
+103.55

### मौसम



अधिकतम : 30 डिग्री से0
न्यूनतम : 18 डिग्री से0
सूयोदय मंगलवार : 6 : 25
सूर्यास्त सोमवार : 6 : 14

## साइकिल रैली



बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पटना, बिहार में मतदाता जागरूकता साइकिल रैली में भाग लेते युवा।

# बिहार में एनडीए ने किया सीट शेयरिंग का ऐलान

## भाजपा-101, जेडीयू- 101, चिराग को 29, उपेंद्र कुशवाहा-मांझी को 6-6 सीटें

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए ने रविवार को सीट शेयरिंग की घोषणा कर दी है। बीजेपी 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, वहीं जदयू 101 सीटों पर लड़ने जा रही है। जबकि चिराग पासवान की पार्टी LJP (R) 29 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा को 6 और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम को 6 सीटें दी गई हैं।

सीट शेयरिंग के बाद एनडीए ने आज पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। सीट शेयरिंग में चिराग की जिद के आगे से पहले 40 सीटों की डिमांड करने वाले जीतन राम मांझी ने 6 सीटें मिलने पर कहा- मैं संतुष्ट हूं।

हालांकि इसके बाद मांझी ने तीखे तेवर दिखाए हैं। उन्होंने कहा, आलाकमान ने जो फैसला लिया है वो स्वीकार है। हमें सिर्फ 6 सीट देकर उन्होंने हमारी अहमियत कम आंकी है। इसका असर एनडीए पर पड़ सकता है।

मांझी की पार्टी ने 4 सीटों पर कैंडिडेट्स का भी ऐलान कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इमामगंज से दीपा मांझी, बराचट्टी से ज्योति देवी, टेकारी से अनिल कुमार और सिकंदरा से प्रफुल्ल कुमार मांझी को टिकट दिया गया है।



### बीजेपी-जदयू अब बराबर के भाई

2005 से लेकर पिछले विधानसभा चुनाव तक जेडीयू ने हमेशा बीजेपी से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ा है। जेडीयू पिछले 4 चुनाव में हमेशा बड़े भाई की भूमिका में रहता था। 2020 में ही जदयू 115 और बीजेपी 110 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, लेकिन 2025 विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियां 101-101 सीटों पर लड़ेंगी। अब दोनों बराबर वाले भाई हो गए हैं।

# हरियाणा आईपीएस सुसाइड- छठे दिन भी पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका

- एसआईटी मेंबर रोहतक पहुंचे; महापंचायत ने 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया





**चंडीगढ़।** हरियाणा के आईपीएस वाई पूरन कुमार की सुसाइड के छठे दिन रविवार को भी उनका न तो पोस्टमॉर्टम हो सका, न ही अंतिम संस्कार। आईपीएस की पत्नी आईएएस अमनीत पी. कुमार को लेटर भेजकर शव की पहचान के लिए आने को कहा है, ताकि जल्द पोस्टमॉर्टम कराया जा सके।

केस में गठित चंडीगढ़ पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम रविवार को रोहतक पहुंची। टीम ने जांच के दौरान आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार को लेटर भेजा गया है इस मामले में आज चंडीगढ़ में सेक्टर-20 स्थित गुरु रविदास गुरुद्वारे में महापंचायत हुई।

महापंचायत में सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया। इसमें डीजीपी शत्रुजीत कपूर को हटाने और रोहतक के पूर्व एसपी नरेंद्र बिजारणिया को गिरफ्तार करने की मांग की गई। यदि ऐसा नहीं हुआ प्रदर्शन उग्र किया जाएगा।

महापंचायत के बाद लोग हरियाणा के गवर्नर अशीम घोष को ज्ञापन सौंपने जा रहे थे, लेकिन उन्हें पुलिस ने नहीं जाने दिया। इसके बाद गवर्नर खुद आईएएस अमनीत पी. कुमार से मिलने पहुंचे। उन्होंने 22 मिनट तक मुलाकात की। इनसे पहले हरियाणा सीआईडी के एडीजीपी सौरभ सिंह भी आए।

दिवंगत आईपीएस की आईएएस पत्नी अमनीत पी. कुमार की सेक्टर-11 स्थित आवास पर 2 सीनियर आईएएस अधिकारियों के साथ मीटिंग हुई। 7 अक्टूबर को सेक्टर-11 की ही कोठी में पूरन कुमार ने सुसाइड किया था।

# चिदंबरम बोले- ऑपरेशन ब्लू स्टार 'गलत तरीका' था

**कसौली।** वरिष्ठ कांग्रेसी और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा, जून 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाया गया ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था।

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।

हालांकि यह फैसला अकेले इंदिरा गांधी का नहीं था। इसमें आर्मी, पुलिस, इंटेलिजेंस और प्रशासनिक अफसर भी शामिल थे। ऑपरेशन ब्लू स्टार पर बीते 6 महीने दूसरी बार बड़ा बयान आया है।

इससे पहले 4 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वे कहते नजर आए थे कि 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी। जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुईं, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।

# पश्चिम बंगाल के बर्दवान स्टेशन पर भगदड़, 7 यात्री हुए घायल

## प्लेटफॉर्म नंबर 4, 6 और 7 पर ट्रेन पकड़ने के लिए भागे यात्री

**कोलकाता।** बर्दवान रेलवे स्टेशन पर रविवार शाम ट्रेन पकड़ने के दौरान अफरातफरी मच गई। स्टेशन की सीढ़ियों पर यात्रियों की भारी भीड़ के बीच भगदड़ मचने से कम से कम 7 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत बर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शाम के करीब एक ही समय पर बर्दवान स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4, 6 और 7 पर तीन ट्रेनें खड़ी थीं। ट्रेन पकड़ने की जल्दी में यात्री तेजी से सीढ़ियों से नीचे उतरने लगे ।सीढ़ियां संकरी होने के कारण अचानक भीड़ बढ़ गई और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी दौरान कई यात्री गिर पड़े और भगदड़ मच गई। घायलों को अस्पताल भेजा। रेल अधिकारियों ने बताया कि हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

# मुत्तकी की प्रेस-कॉन्फ्रेंस, महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं

## मुत्तकी बोले- पिछली बार समय कम था, इसलिए सबको नहीं बुलाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने रविवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। प्रेस-कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं थीं।

इससे पहले शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को नहीं बुलाया गया था। इस पर विवाद भी खड़ा हो गया था। मुत्तकी ने पिछली बार महिला पत्रकारों को न बुलाने पर सफाई भी दी। उन्होंने बताया-

यह सिर्फ तकनीकी कारणों से हुआ था। पिछली बार पत्रकारों की छोटी लिस्ट तैयार की गई थी, क्योंकि समय कम था। इसके अलावा कोई दूसरा इरादा नहीं था।



### मुत्तकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस की अहम बातें...

**महिलाओं की शिक्षा पर :** मुत्तकी ने कहा कि उनके देश में कुल 1 करोड़ विद्यार्थी स्कूल और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ रहे हैं, जिनमें 28 लाख महिलाएं और लड़कियां शामिल हैं।

धार्मिक मदरसों में भी यह शिक्षा ग्रेजुएशन लेवल तक है। कुछ क्षेत्रों में सीमाएं हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वे शिक्षा के खिलाफ हैं।

**भारत के साथ व्यापार, उड़ान और निवेश पर :** बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री ने काबुल और दिल्ली के बीच उड़ानों की संख्या बढ़ाने की घोषणा की।

इसके अलावा दोनों पक्षों ने व्यापार और अर्थव्यवस्था पर समझौता किया। अफगानिस्तान ने भारत को विशेष रूप से खनिज, कृषि और खेल क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। बैठक में चाबहार बंदरगाह पर भी चर्चा हुई। अफगानिस्तान ने वाघा बॉर्डर को खोलने का अनुरोध किया, जो भारत और अफगानिस्तान के बीच सबसे तेज और आसान व्यापार रास्ता है।

**पाकिस्तानी लोगों से दिक्कत नहीं, पर कुछ लोग परेशानी पैदा कर रहे :** पाकिस्तान के सवालों पर मुत्तकी ने उर्दू में जवाब दिया।

उन्होंने कहा- पाकिस्तान की जनता से हमारी कोई दुश्मनी नहीं है, लेकिन कुछ लोग परेशानी पैदा करते हैं।

उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की शरारत के जवाब में अफगानिस्तान ने एक ऑपरेशन शुरू किया था, जिसे कतर और सऊदी अरब की मदद से रोक दिया गया।

# बंगाल एमबीबीएस स्टूडेंट गैंगरेप केस- 3 गिरफ्तार, 2 फरार

## पीड़ित का दोस्त भी हिरासत में; मोबाइल टावर लोकेशन से आरोपियों का पता चला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 2 आरोपी अभी भी फरार हैं। सभी पास के गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास पीड़ित का मोबाइल था। इससे कॉल किया गया था। टावर लोकेशन से आरोपियों की जानकारी मिली।

दुर्गापुर की सब डिवीजनल जूनियर मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।



पुलिस के मुताबिक, घटना कोलकाता से 170 किमी दूर दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने 10 अक्टूबर की रात 8 से 10 बजे के बीच हुई।

पीड़ित अपने दोस्त के साथ डिनर के लिए निकली थी। कैंपस गेट पर 3 युवक खड़े थे।

पीड़ित के मुताबिक, युवकों ने उसका मोबाइल छीना, फिर बाल पकड़कर कैंपस गेट के सामने जंगल में घसीटकर ले गए। तीनों ने उसका रेप किया। इस दौरान उसका दोस्त वहां से भाग गया था। पुलिस ने बताया, पीड़ित ओडिशा की रहने वाली है और एमबीबीएस 2 ईयर की स्टूडेंट है।

डिप्टी मजिस्ट्रेट और दुर्गापुर एसडीओ रंजना रॉय ने पीड़ित से मुलाकात की। उन्होंने कहा- छात्रा का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। उसकी हालत स्थिर है। उसका परिवार साथ है।

लड़की के दोस्त और उसके साथियों इसके शामिल होने के आरोप परिवार ने लगाए हैं। पीड़ित के दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# उत्तर भारत का तापमान गिरा, सुबह -शाम ठंड

## पहाड़ी इलाकों में बादल छाए रहेंगे, 13 जिलों में मौसम शुष्क

**देहरादून/नैनीताल।** उत्तराखंड में बारिश का दौर थमने के साथ ही तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। आज यानी 12 अक्टूबर को राज्य के सभी 13 जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। हालांकि सुबह और शाम की ठंड होगी। वहीं मैदानी इलाकों में चटक धूप खिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, पर्वतीय क्षेत्रों में आंशिक बादल मंडराएंगे। मैदानी इलाकों में धूप खिलने से तापमान सामान्य होगा। हालांकि, न्यूनतम तापमान सामान्य से कम होने के कारण ठंड महसूस की जा रही है। उत्तराखंड की ठंडी हवाएं उत्तर भारत में सुबह और शाम ठंड बढ़ाएगी। अभी फिलहाल राज्य में बारिश और बर्फबारी की संभावना नहीं है। आगामी 15 अक्तूबर तक प्रदेशभर में मौसम साफ रहने का अनुमान है। वहीं, देहरादून में आज मौसम शुष्क है, लेकिन दिन के समय मौसम थोड़ा गर्म होगा, जिससे हल्की उमस हो सकती है।



अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

# एमपी में युवक से पैर धुलवाए, वही पानी पिलाया

- एआई जेनरेटेड वीडियो शेयर करने वाले के खिलाफ पंचायत का फैसला, केस दर्ज; आरोपी बोला- हम गुरु-शिष्य

**दमोह।** मध्य प्रदेश के दमोह में मीम पोस्ट को लेकर हुए विवाद में एक युवक से दूसरे युवक के पैर धुलवाए गए और उसे वही पानी पिलाया गया।

घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया।

मामला दमोह के सतरिया गांव का है। यहां पंचायत ने शराबबंदी लागू की है। कुछ दिन पहले गांव का अनुज उर्फ अन्नू पांडे शराब बेचते और पीते पकड़ा गया था। गांव के ही दूसरे युवक ने अन्नू का एआई जेनरेटेड वीडियो शेयर किया था, जिसमें वो जूते की माला पहना नजर आ रहा था।

इस पर गांव के कुछ लोग आक्रोशित हो गए। विवाद बढ़ता देख युवक ने पोस्ट डिलीट कर दी। सार्वजनिक रूप से माफी भी मांग ली, लेकिन बात नहीं बनी। 10 अक्टूबर को पंचायत बुलाई गई।

वीडियो शेयर करने वाले युवक से सवाल-जवाब हुए। उसे शराब बेचने वाले युवक अन्नू के पैर धोकर, वही पानी पीने की सजा सुनाई गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक ने भरी सभा में अन्नू के पैर धोए, फिर वही पानी पिया था।

नया डाटा

## इन स्कूलों में 34 लाख बच्चे, शिक्षा मंत्रालय का नया डेटा

# देश के एक लाख से अधिक स्कूलों में केवल एक शिक्षक

**नई दिल्ली।** देश में 1,04,125 स्कूल ऐसे हैं, जहां सिर्फ एक ही शिक्षक है और इन स्कूलों में 33,76,769 बच्चे पढ़ रहे हैं। यानी हर स्कूल में औसत 34 छात्र-छात्राएं हैं। जबकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्राथमिक स्तर पर 30 तो उच्च प्राथमिक पर 35 बच्चों पर कम से कम एक शिक्षक होना अनिवार्य है।

आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या और उत्तर प्रदेश में ऐसे छात्रों की संख्या सबसे ज्यादा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का शैक्षणिक वर्ष 2024-25 का डेटा बताता है कि 2022 में एकल शिक्षक वाले स्कूल 1,18,190 तो 2023 में 1,10,971 थे। यह संख्या साल-दर-साल घट रही है, लेकिन शिक्षक-छात्र का अनुपात अभी भी ज्यादा बना हुआ है।



मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि प्रति स्कूल औसत छात्र नामांकन के मामले में चंडीगढ़ और दिल्ली सबसे आगे हैं। यहां प्रत्येक स्कूल में औसतन 1222 और 808 छात्र-छात्राएं हैं। जबकि लद्दाख में यह 59, मिजोरम में 70, मेघालय में 73 तो हिमाचल में 82 ही है।

पिछले महीने देश में पहली बार टीचरों की संख्या 1 करोड़ पार हुई थी पिछले महीन देश में पहली बार किसी शैक्षणिक सत्र में शिक्षकों की संख्या 1 करोड़ से ज्यादा पहुंची थी। यह आंकड़े यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडाइस) के शैक्षणिक सत्र 2024-25 की रिपोर्ट में सामने आए हैं। यूडाइस केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का डेटा बेस है, जिसका उद्देश्य सभी स्कूलों से शिक्षा से जुड़ी जानकारी एकत्रित करना है।


### महिला शिक्षकों की संख्या तेजी से बढ़ी

ताजा रिपोर्ट बताती है कि 2023-24 के सत्र में कुल शिक्षक 98.83 लाख थे, जो अब 1 करोड़ 1 लाख 22 हजार 420 हो गए हैं। इनमें से 51त्न (51.47 लाख) शिक्षक सरकारी स्कूलों में हैं। एक दशक में महिला शिक्षकों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है।

2014-15 में पुरुष शिक्षक 45.46 लाख और महिला 40.16 लाख थीं, जो 2024-25 में बढ़कर क्रमश- 46.41 लाख और 54.81 लाख हो गई हैं।

बीते दशक में महिला शिक्षकों की संख्या करीब 8 प्रतिशत बढ़ने की बड़ी वजह इनकी भर्तियां हैं। 2014 से अब तक 51.36 लाख भर्तियों में से 61 प्रतिशत महिला शिक्षकों की हुई हैं।

# संपादकीय



## 'जहां रेरा नहीं, वहां भरोसा नहीं : रियल एस्टेट में आपकी हार का कारण सरकार नहीं, आपका लालच है'



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### 'सपनों का घर या जाल?'

रियल एस्टेट की दुनिया में हर खरीदार का सपना होता है — एक सुंदर घर, एक सुरक्षित निवेश। लेकिन पिछले दशक में हजारों ऐसे खरीदार हैं जिनके सपने ईंटों और वादों के मलबे में दब गए। साझा गलती एक ही थी — उन्होंने 'रेरा रजिस्ट्रेशन' देखे बिना बुकिंग कर दी।

आज की हकीकत यह है कि जहां रेरा नहीं, वहां पैसा नहीं लौटता। और इस नुकसान के लिए केवल सरकार या बिल्डर नहीं, आपका लालच और लापरवाही भी उतनी ही जिम्मेदार है।

### रेरा क्या है और क्यों जरूरी है

रेरा (Real Estate Regulatory Authority), वर्ष 2016 में पारित वह कानून है जिसने पहली बार घर खरीददारों को कानूनी सुरक्षा दी।

इस कानून के तहत कोई भी बिल्डर बिना रेरा पंजीकरण के किसी परियोजना का विज्ञापन, बुकिंग या बिक्री नहीं कर सकता।

### रेरा के तीन मूल उद्देश्य हैं:

1. खरीदार की सुरक्षा : ताकि बिल्डर पैसा लेकर भाग न जाए।
2. पारदर्शिता : बिल्डर को हर अपडेट वेबसाइट पर देना अनिवार्य है।
3. समयबद्ध डिलीवरी : यदि समय पर कब्जा नहीं मिला, तो ब्याज सहित मुआवज़ा।

फिर भी लाखों लोग '20 प्रतिशत डिस्काउंट', 'अंदर की डील', 'प्लॉटिंग जल्द आने वाली है' जैसे झाँसे में आकर बिना रेरा नंबर वाली परियोजनाओं में निवेश कर देते हैं — और यहीं उनका सपना 'निवेश' से 'नाश' में बदल जाता है।

### सरकार दोषी नहीं, आपका लालच जिम्मेदार है

हर बाजार में दो पक्ष होते हैं — एक धोखेबाज़ और एक लालची।

यदि आप 'रेरा नहीं है, पर भाव कम है' सोचकर निवेश करते हैं, तो आप खुद अपने नुकसान के साझेदार बनते हैं।

कई खरीदार जानते हैं कि परियोजना रजिस्टर्ड नहीं है, फिर भी 'दोस्त की सिफारिश', 'बिल्डर का बड़ा नाम', 'जल्द मुनाफे की उम्मीद' में पैसे लगा देते हैं।

कानून चेतावनी देता है, अखबार लिखते हैं, फिर भी लोग फंसते हैं — क्योंकि उन्हें घर से ज़्यादा सस्ता भाव प्यारा लगता है।

### तथ्य जो आंखें खोलते हैं

- उत्तर प्रदेश रेरा के आंकड़ों के अनुसार, 2023 तक 2,200 से अधिक अवैध परियोजनाओं पर कार्रवाई की गई और 8,000 करोड़ से अधिक निवेश फंस चुका है।
- नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में 65 प्रतिशत से अधिक शिकायतें उन्हीं परियोजनाओं की हैं जिनका कोई रेरा पंजीकरण नहीं था।
- सिर्फ 30 प्रतिशत खरीदारों ने रेरा वेबसाइट देखकर बुकिंग की, बाकियों ने 'मित्र सुझाव' या 'सोशल मीडिया विज्ञापन' पर भरोसा किया।

### जिम्मेदारी तय करनी होगी

सरकार कानून बना सकती है, लेकिन लालच के खिलाफ कानून नहीं बना सकती।

बिल्डर नियम तोड़े, यह अपराध है — लेकिन
खरीदार आंख मूंदे, यह मूर्खता है।

हर व्यक्ति को यह समझना होगा कि रेरा नंबर किसी भी संपत्ति का 'जन्म प्रमाणपत्र' है — इसके बिना वह अवैध है।

### निष्कर्ष : 'सावधानी ही निवेश है'

अब वक्त है कि हर खरीदार यह शपथ ले —
'जब तक परियोजना का रेरा नंबर और उसकी वेबसाइट पर स्थिति न देख लूं, तब तक एक रुपये भी निवेश नहीं करूंगा।'
सरकार ने आपको कानून दिया, मंच दिया, शिकायत व्यवस्था दी —
अब फैसला आपका है कि आप सपनों का घर खरीदेंगे या भ्रम की ईंटें।
रेरा से पहले भरोसा नहीं — और भरोसे से पहले जांच जरूरी है।
क्योंकि रियल एस्टेट में 'लालच' ही सबसे बड़ा घाटा है।

## बड़े उद्योगों की जवाबदेही

लगातार ग्लोबल वार्मिंग संकट से जूझती दुनिया में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर नियंत्रण की दिशा में भारत सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता जतायी है। केंद्र सरकार के गत सप्ताह की शुरुआत में अधिसूचित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता लक्ष्य नियम, भारत में औद्योगिक प्रदूषण और पर्यावरणीय क्षरण रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा रहा है। इन नियमों ने कार्बन-प्रधान उद्योगों के लिये देश के पहले कानूनी रूप से बाध्यकारी उत्सर्जन न्यूनतम करने के लक्ष्य निर्धारित किए हैं। ऐसे में, जो उत्पादन इकाइयां अपने निर्धारित लक्ष्य से कम कार्बन का उत्सर्जन करती हैं, वे व्यापार योग्य कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकती हैं। वहीं दूसरी ओर निर्धारित लक्ष्य से अधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली इकाइयों को भारतीय कार्बन बाजार से समतुल्य क्रेडिट खरीदना होगा या फिर जुर्माना देने को बाध्य होना होगा। दरअसल, एल्युमीनियम, सीमेंट, लुगदी एवं कागज आदि क्षेत्रों की 282 औद्योगिक इकाइयों को 2023-24 के आधार रेखा स्तर से अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि पहले अनुपालन चक्र में कुछ बड़ी कंपनियां शामिल हैं, जिसमें वेदांता, हिंडाल्को, नाल्को और बाल्को द्वारा संचालित एल्युमीनियम स्मेल्टर और अल्ट्राटेक, डालमिया, जे.के सीमेंटे,श्री सीमेंट और एसीसी के स्वामित्व वाले बड़े सीमेंट संयत्र शामिल हैं। निश्चित रूप से केंद्र सरकार ने एक सख्त संदेश दिया है कि बड़े औद्योगिक घरानों को हरित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये अनुकरणीय उदाहरण पेश करना होगा। यदि ये ताकतवर बड़े घराने हरित लक्ष्यों की पूर्ति के लिये सार्थक पहल करते हैं तो आम लोगों को भी उससे प्रेरणा मिलेगी। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक देश है। जिसमें चीन पहले और अमेरिका दूसरे स्थान पर है। निस्संदेह, नये नियम, जो उद्योगों को उत्सर्जन कम करने के लिये प्रोत्सहित करते हैं, उनके औद्योगिक प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार ऊर्जा दक्षता योजना पर आधारित हैं। जिसने ऊर्जा-बचत के लक्ष्य निर्धारित किए। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिसे दंड लगाने और समयबद्ध निगरानी व वसूली का काम सौंपा गया है, को कानूनी ढांचे के अनुसार सख्ती से कार्य करने की आवश्यकता है। इस बाबत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को बड़े औद्योगिक दिग्गजों के प्रतिरोध के लिये पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। यह बात उत्साहजनक है कि भारत ने इस वर्ष पहली छमाही में पहले से कहीं अधिक सौर और पवन ऊर्जा का उत्पादन किया। जबकि इस अवधि के दौरान भारत के बिजली क्षेत्र में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में साल-दर-साल आधार पर एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मानवीय गतिविधियों से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसों को जलवायु परिवर्तन का सबसे अहम कारक माना जाता है।

## राग स्वदेशी : हक़ीक़त और फ़साना

**तनवीर जाफ़री**

हमारे देश में स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल करने के लिये प्राय: आवाज़ बुलंद की जाती है। भारत में स्वदेशी सामानों के इस्तेमाल पर ज़ोर इसलिए दिया जाता है क्योंकि इससे देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से कई महत्वपूर्ण लाभ होते हैं। देश में स्वदेशी सामान की खपत से स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन बढ़ता है, जिससे स्थानीय उद्योगों को बल मिलता है। इससे रोज़गार के नए अवसर पैदा होते हैं और बेरोज़गारी की समस्या कम होती है। इसके अतिरिक्त विदेशी उत्पाद पर निर्भरता भी कम होती है। इसीलिये कभी सरकार की तरफ़ से देश को आत्मनिर्भर बनाने के मक़सद से स्वदेशी अपनाने के बारे में देश को जागृत करने के प्रयास किये जाते हैं तो कभी स्वदेशी उत्पादों के नाम पर अपना व्यवसाय चलाने वाले भी %स्वदेशी अपनाओ % की बातें करते नज़र आते हैं। परन्तु क्या वजह है कि हम तो स्वदेशी का राग ही अलापते रह जाते हैं उधर पड़ोसी देश चीन का बड़े भारतीय बाज़ार पर क़ब्ज़ा हो जाता है ? चीन निर्मित शायद ही कोई ऐसा जीवनोपयोगी उत्पाद हो जिसकी भरपूर खपत भारत में न होती हो। परन्तु हमारे देश में स्वदेशी अपनाओ का शोर तो ज़्यादा सुनाई देता है परन्तु उसकी गुणवत्ता सुधारने या उचित क़ीमत में आकर्षक,टिकाऊ व योग्य वस्तु का उत्पादन करने पर ज़ोर कम दिया जाता है।

स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई प्रमुख अवसरों पर आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु स्वदेशी अपनाने के संबंध में जनता से अपील कर चुके हैं। वे दुकानों को स्वदेशी वस्तुओं से सजाने और भारतीय उत्पादों को गर्व से उपयोग करने के लिए नागरिकों को प्रेरित करते रहते हैं। प्रधानमंत्री का मानना है कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब भारतीय सामान वैश्विक बाज़ार में अपनी पहचान बनाएं और प्रत्येक नागरिक स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल पर गर्व महसूस करे।

इसीलिये प्रधानमंत्री अक्सर वोकल फ़ॉर लोकल की बात करते सुने जाते हैं जिसमें स्थानीय बाज़ार और उत्पादों को बढ़ावा देने पर बल दिया जाता है। नि:संदेह भारत की आत्मनिर्भरता का मार्ग तभी मज़बूत होगा जब देशवासी अपने उत्पादन, तकनीक और नवाचार में स्वदेशी को प्राथमिकता दें। विदेशी वस्तुओं की जगह देसी उत्पाद को पहचान और सम्मान देना आज के दौर में राष्ट्रीय हित, सुरक्षा और आर्थिक मज़जबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है।

परन्तु सवाल यह है कि भारतवासियों के लिये स्वदेशी उत्पाद बनाने वाली कंपनियां या उद्योग अपने आप में कितने विश्वसनीय हैं ? क्या वजह है कि देश के लोगों को भारतीय उत्पाद की तुलना में अनेक विदेशी उत्पाद ज़्यादा पसंद आते हैं। कई विपक्षी नेता तो यहां तक कहते हैं कि स्वदेशी अपनाने का पाठ पढ़ने वाले प्रधानमंत्री स्वयं विमान से लेकर मोबाईल फ़ोन,पेन,चश्मा व घड़ी आदि सब कुछ विदेशी प्रयोग करते हैं ? स्वदेशी उत्पाद बनाने व बेचने वाले रामदेव भी पूरे देश को स्वदेशी अपनाने की शिक्षा देते रहते हैं। परन्तु अनेक बार उनके उत्पाद मिलावटी या निर्धारित मानकों के प्रतिकूल पाए गये हैं। सेना सहित कई प्रमुख जगहों से पतंजली के उत्पाद हटाये जा चुके हैं। कई बार उनके उत्पाद गुणवत्ता के मानक पर खरे नहीं उतरे। ऐसे में स्वदेशी उत्पाद की विश्वसनीयता पर सवाल तो उठेगा ही ?

इसी तरह पिछले दिनों तमिलनाडु में बने कोल्ड्रिफ़ नामक कोल्ड सीरप ने देशभर में हंगामा खड़ा कर दिया। इस सिरप के पीने से अब तक मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, और अन्य राज्यों के 26 से अधिक बच्चों की मौत हो चुकी है।

यह मामला भारत में स्वास्थ्य और दवा सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है। तमिलनाडु की श्रीसन फ़ार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा निर्मित इस विषाक्त सीरप के सेवन से अनेक बच्चों की किडनी फ़ेल हो गयी और कई बच्चों की मौत हो गई। 14 वर्षों से निर्माणाधीन यही सीरप आख़िरकार रिक्तियों, नियमों के उल्लंघनों और मिलावट के कारण अपनी गुणवत्ता पर खरा नहीं उतरा और ज़हरीला साबित हुआ।

क्या इस तरह की घटना भारत की दवा सुरक्षा प्रणाली की गंभीर चूक का संकेत नहीं है ? निश्चित रूप से इस ज़हरीली दवा के निर्माण में मानकों का उल्लंघन हुआ, और इसे कई वर्षों तक बिना उचित निगरानी के बाज़ार में फैलने दिया गया। बेशक सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है और दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में क़दम उठाने की बात भी की है परन्तु जिनके घरों के चिराग़ बुझ गये न तो उन्हें वापस लाया जा सकता है न ही उनपरिवारों को स्वदेशी उत्पाद पर भरोसा करने का पाठ पढ़ाया जा सकता है।

आज पूरे देश में सरे आम ज़हरीली सब्ज़ियां,विषाक्त फल, मिलावटी व ज़हरीले दूध,पनीर घी मक्खन खोया कुट्ट का ज़हरीला आटा आदि तमाम चीज़ें बेचीं जा रही हैं। दूध की तो रोज़ के उत्पादन से कई गुना अधिक की खपत है, सरकार व प्रशासन को भी यह सब पता है परन्तु मिलावट ख़ोर मौत के सौदागर सरे आम ऐसी ज़हरीली सामग्री बाज़ार में खपा रहे हैं।

तमाम नक़ली दवाइयां बाज़ार में बेचीं जा रही हैं। इसी तरह मिलावटी व ज़हरीली मिठाइयां व बेकरी के सामान बाज़ार में बेख़ौफ़ बिकते हैं।

बाज़ार में इन सब चीज़ों की खपत का मुख्य कारण भ्रष्टाचार है। इन मौत के सौदागरों को भली भांति मालूम है कि उनके काले करतूतों का पर्दा फ़ाश होने के बावजूद उनका कुछ भी बिगड़ने वाला नहीं। केवल गुणवत्ता का ही प्रश्न नहीं बल्कि मिठाई वाला यदि आपको एक या दो हज़ार रूपये किलो मूल्य की मिठाई देता है तो वह गत्ते के डिब्बे को भी उसी रेट में तोल देता है।

यानी आपको मंहगी क़ीमत अदा करने के बावजूद पूरा सामन नहीं मिल पाता। किसी सामग्री पर छपे अधिकतम खुदरा मूल्य को लेकर भी बड़ा गोलमाल देखा जा सकता है। कई बार तो प्रिंटेड रेट से आधे मूल्य पर भी दुकानदार सामन बेच देता है। जबकि आधे मूल्य पर बेचने पर भी दुकानदार मुनाफ़ा कमाता है।

हमारे देश में अभी भी किसी वस्तु के प्रयोग की तिथि समाप्त होने यानी एक्सपायरी डेट निकल जाने के बावजूद सीधे सादे व अनपढ़ लोगों को ऐसा सामान बेच दिया जाता है।

## व्यंग्य : "NDA — National Dhokha Agreement"

कहानी शुरू होती है एक 'समझौते' से।
कागज़ पर लिखा गया था — "National Democratic Alliance"
लेकिन जनता के हिस्से आया — "National Dhokha Agreement"
यह वही समझौता था जिसमें जनता ने भरोसा दिया,
और बदले में वादों का पहाड़ मिला — 'हर हाथ को काम', 'हर खेत को पानी', 'हर जेब में पैसा'।
लेकिन जब जेब खाली, खेत सूखे, और नौकरियाँ गायब हुईं,
तो कहा गया — 'सब कुछ ठीक है, बस आप समझ नहीं पा रहे।'
वादों का महाकुंभ

### पहले दिन मंच पर बड़े-बड़े पोस्टर लगे —

'सत्ता में ईमानदार लोग हैं, बाकी सब बेईमान।'
जनता ने ताली बजाई, झंडा लहराया, और वोट दे दिया।
पर कुछ साल बाद पता चला कि ईमानदारी केवल नारे में थी,
बाकी सब ठेके में थी — सड़कों से लेकर संस्थानों तक।
बोला गया — 'हम सबका साथ, सबका विकास।'
पर भीतर ही भीतर बना लिया गया एक और 'गठबंधन' —
सबका उपयोग, कुछ का विकास, और बाकी का विश्वास।'

### धर्म का शेयर मार्केट

एक दिन सत्ता के गलियारे में किसी ने कहा —
'विकास में वोट नहीं मिलते, मंदिर में मिल जाते हैं।'
और फिर विकास की जगह भक्ति बिकने लगी।

### धर्म का नया स्टॉक एक्सचेंज खुला —

जहाँ शेयरों की कीमत जाति, नफरत और झूठ से तय होती थी।
राष्ट्रवाद का आईपीओ लॉन्च हुआ, और जनता ने बिना पढ़े सब्सक्राइब कर लिया।

### सवाल पूछना गुनाह बना

कहानी आगे बढ़ी —
पत्रकारों ने सवाल पूछे, तो कहा गया — 'देशद्रोही हैं।'
छात्रों ने आंदोलन किया, तो कहा गया — 'टुकड़े-टुकड़े गैंग है।'
महिलाएँ बोलीं, तो कहा गया — 'एजेंडा चला रही हैं।'
और संसद में सवाल पूछने वाले सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया,
ताकि सच्चाई टीवी स्क्रीन से गायब रहे, और जनता को लगे — 'सब अच्छा है।'

### नया शब्दकोश

इस "National Dhokha Agreement" में भाषा भी बदल गई।
गरीबी को कहा गया — 'विकास का चरण।'
महँगाई को कहा गया — 'त्याग की भावना।'
और बेरोज़गारी को कहा गया — 'स्टार्टअप संस्कृति।'
मीडिया बनी वैश्या और मौन पर चली गई
जनता ने पूछा — 'कीमतें क्यों बढ़ रही हैं?'
जवाब आया — 'राष्ट्रहित में सहो!'

### धोखा अमर रहे


जनता अब समझदार हो गई थी, पर समझदारी बहुत देर से आई।
रेत की तरह निकल गया विश्वास का समय, और बचा केवल एक वाक्य — 'ये गठबंधन नहीं, एक समझौता था — धोखे का।'

### और कहानी का आखिरी दृश्य —

रेडियो पर वही पुराना नारा बज रहा है :
'देश बदल रहा है'
और पीछे से किसी की हँसी आती है — 'हाँ, पर किस दिशा में ?'
जब जनता सवाल भूल जाती है,
तो सत्ता जवाब देना भी छोड़ देती है।
और यही होता है "National Dhokha Agreement" —
जहाँ भरोसा जनता का होता है, और फ़ायदा सत्ता का।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3679




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3678 का हल



## हंसी के फूव्वारें

ज्यादातर फिल्में शादी होने का दृश्य दिखाकर ही क्यों खत्म हो जाती हैं ?

ताकि शादी के बाद के दुखद दृश्य न देखने पड़ें.

नर्स, मैं तुमसे बेहद प्यार करता हूँ, मैं अब अच्छा नहीं होना चाहता.

नर्स बोली-तुम अब अच्छे हो भी नहीं सकते क्योंकि डॉक्टर भी मुझसे प्रेम करता है और उसने मुझे तुमसे प्यार करते हुए देख लिया है.

□ □ □

अविवाहिता-क्या तुम अपनी किसी सबसे बड़ी बेवकूफी का प्रमाण दे सकते हो?

अविवाहित-तुमने प्यार कर लिया, यह क्या छोटा प्रमाण है?

□ □ □

सुनीता-पता नहीं इस बार साड़ियों के कौन-कौन से नये डिजाइन निकलेंगे ?

मोहन-वही दो ! एक जो तुम्हें पसन्द नहीं आयेगा. दूसरा वह जिसे खरीदने के लिए मेरे पास रुपये नहीं होंगे.

□ □ □

एक पति ने अपनी घरवाली से पूछा-युधिष्ठिर भी जुआ खेले थे, फिर तू मुझे क्यों रोकती है ?

घरवाली ने कहा -नहीं रोकूंगी, लेकिन याद रखना कि द्रौपदी के भी पांच पति थे.

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3679



### बायें से दायें:-

१. अमिताभ, जया की 'ये जुल्फ कैसी है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. 'सीमायें बुलाये तुझे' गीत वाली जे.पी.दत्ता की युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी एक मल्टीस्टारर फिल्म-२,१,१
६. फिल्म 'साया' में नायिका कौन थी-२
७. 'झमका चाँदी दा' गीत वाली मनोज, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
८. अभिषेक, अंतरा माली की 'बेरंग जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'जीवनमृत्यु' में नायिका थी-२
१४. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फराजखान, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आज मदहोश हुआ जाये' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
१७. संजय कपूर, रवीना, अदिति की 'हंसता है रूलता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'सनन सनन साय साय हो' गीत वाली गोविंदा, रमैया की फिल्म-४,२
२२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तू कल चला' गीत वाली संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम ढिल्लों की फिल्म-२
२४. जैकी, सुनील शेट्टी, डिनो, करिश्मा की 'ऐ सुबह तू' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'हुस्ने जाना इधर आ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-२
२८. देवआनंद, गीता बाली की 'चांदनी रातें प्यार की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जिनके पास हाथी घोड़ा' गीत वाली राजकुमार, लीना की फिल्म-२,१,२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'लड़की जो आए बाजार में' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मनीषा की फिल्म-३

### ऊपर से नीचे:-

१. 'नदिया किनारे आआ' गीत वाली संजय दत्त, आफताब, नंदिता की फिल्म-२
२. ऋषिकपूर, माधुरी दीक्षित की 'जाने वो कैसा चोर था' गीत वाली फिल्म-३
३. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
४. अक्षय, करीना कपूर, प्रियंका की फिल्म-४
५. 'दिल दिया है तुझे' गीत वाली अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
९. राहुल बोस, करीना कपूर की 'जाने क्यूं हमको' गीत वाली फिल्म-३
१०. राजकपूर, परवीन की 'आपसा कोई हसीन' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'तोता मैना की कहानी' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१३. मिलिंद सोमण, किरण झवेर की 'जीना है तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'सुलगे हुए हैं' गीत वाली जिमी, इरफान, ऋषिता, नम्रता की फिल्म-३
१९. फिल्म 'अवतार' में राजेश की नायिका ?-३
२०. 'नहीं ये हो नहीं सकता' गीत वाली फिल्म-४
२१. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, मधु, सीमा की 'आई सी यू बेबी' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'रंग और नूर की बारात' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
२४. नसीर, फारूख शेख, स्मिता की फिल्म-३
२६. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२७. शाहरूख, माधुरी की 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3678



## सूडोकु -3679


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3678 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## शब्द पहेली - 3679



### बाएँ से दाएँ

1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी -2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

### ऊपर से नीचे

1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

### शब्द पहेली -3678 का हल



# जिलाधिकारी ने गौतम बुद्ध नगर में परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

## सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुचिता के साथ आयोजित की गई परीक्षा





गौतम बुद्ध नगर। जनपद गौतम बुद्ध नगर में आज सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा दो पालियों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की गई। परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी मेधा रूपम द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने राजकीय इंटर कॉलेज सेक्टर-12 नोएडा एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सेक्टर-51 होशियारपुर, नोएडा परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं, परीक्षार्थियों के प्रवेश, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राजकीय इंटर कॉलेज सेक्टर-12 के स्कूल परिसर में स्थित राजकीय पुस्तकालय एवं भवन परिसर का भी अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को छात्रों के हित में बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के भी निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्राथमिकता है। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

परीक्षा जनपद के 20 केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण में जारी है। सभी केंद्रों पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सतत निगरानी रखे हुए हैं।

# नोएडा के अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत

## परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया, सीएमओ से शिकायत की



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है और सीएमओ से शिकायत करने की बात कही है।

यह घटना गुरुवार शाम की है। भोगपुर गांव निवासी पंकज (25) अपनी मोटरसाइकिल से हाईवे पर जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घायल अवस्था में पंकज को कोट गांव स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में भर्ती करने के बाद उसे हायर सेंटर रेफर करने की बात कही गई। उनका कहना है कि अस्पताल में न तो कोई डॉक्टर मौजूद था और न ही किसी ने इमरजेंसी में उसकी जांच की। जब रेफर करने की बात आई, तो पता चला कि अस्पताल में एंबुलेंस भी उपलब्ध नहीं थी।

परिजनों का आरोप है कि सही इलाज न मिलने के कारण पंकज की मौत हो गई। इसके बाद उसके भाई ने अस्पताल का एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने बताया कि अस्पताल में इलाज न होने के कारण उसके भाई की जान चली गई। उसने यह भी कहा कि अस्पताल में न डॉक्टर हैं और न ही एंबुलेंस। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बताया जा रहा है कि इसके बाद परिजनों ने जोरदार हंगामा भी किया। फिलहाल, परिजनों ने इस पूरे मामले की शिकायत सीएमओ से की है। उनका कहना है कि ऐसे अस्पतालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जो मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करते हैं और समय पर इलाज नहीं देते हैं।

# जोंटी भाटी ने कुश्ती में जीता 1.71 लाख का इनाम

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जमालपुर गांव में रविवार को कुश्ती दंगल हुआ। इस दंगल में हनुमान अखाड़ा के पहलवान जोंटी भाटी ने 1 लाख 71 हजार रुपये की सबसे बड़ी कुश्ती जीती। उन्होंने रोहतक के रॉबिन पहलवान को हराकर यह खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता का रविवार की शाम समापन हुआ।

दंगल की दूसरी सबसे बड़ी कुश्ती 51 हजार रुपये की थी, जिसे राजपुर के अजय पहलवान ने आर्मी के नमन पहलवान को हराकर जीता। 51 हजार रुपये की एक अन्य कुश्ती हनुमान अखाड़ा के सुमित और प्रकाश अखाड़ा के बद्री के बीच बराबरी पर समाप्त हुई।

इसके अतिरिक्त, 11 हजार रुपये की दो कुश्तियां भी आयोजित की गईं। इनमें भूरा पहलवान और गोटी यादव, तथा अनुज और साहिल (मथुरा) के बीच के मुकाबले बराबरी पर छूटे।

दंगल का आयोजन दीपक और अभिषेक सहित समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भाटी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे।

# जनपद के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की एक और बड़ी कार्रवाई

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मिलावटी/मानव उपभोग हेतु अनुपयुक्त प्रतीत होने पर 550 किलोग्राम पनीर कराया नष्ट



**गौतम बुद्ध नगर।** आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।

इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस देर रात्रि खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, विजय बहादुर पटेल एवं रविंद्र नाथ वर्मा की टीम द्वारा दिल्ली सहित एन.सी.आर. के जिलों में सप्लाई करने वाले गुरस्कर हथीन मेवात हरियाणा स्थित जंगी मिल्क प्लांट के वाहन संख्या एच0आर073बी 3222 में लगभग 550 किग्रा पनीर पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया उक्त पनीर मिलावटी/ मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त प्रतीत होने के कारण विस्तृत जांच प्रयोगशाला से कराए जाने हेतु नमूना लेकर अवशेष लगभग 550 किग्रा पनीर भंगेल नोएडा की न्यू गढ़वाल डेयरी पर विनष्टीकरण हेतु जब्त कर सुरक्षित अवस्था में रखवाया गया था, जिसको आज नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से नष्ट कराया गया। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

# रबूपुरा में जलदोहन के खिलाफ किसानों का धरना

## 30 अक्टूबर को पीएम और सीएम से मिलने की बनाई है योजना




**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में जलदोहन के विरोध में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना रविवार को 75वें दिन भी जारी रहा। भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के बैनर तले यह धरना चौधरी लखन मलिक की अध्यक्षता और संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज के नेतृत्व में चल रहा है।

किसानों ने रविवार को सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी रणनीति तय करने के लिए 29 अक्टूबर को संगठन की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में यह तय होगा कि किसान 30 अक्टूबर को जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में शामिल होकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराएं, या फिर सरकार की उदासीनता के कारण क्रमिक अनशन शुरू करें।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे, जिनमें उदयभान मलिक, विजयवीर मलिक, दिनेश मलिक, रवि यादव, सतेंद्र कुमार शर्मा, दिनेश कुमार, शैलेश सुनील भाटी, अनिल भाटी, मनवीर सिंह, घनश्याम भाटी, श्यौराज गौड़, मनोज कुमार, जयप्रकाश और राजवीर सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।

# ग्रेटर नोएडा के भट्टा गांव में श्मशान घाट जलमग्न

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में यमुना प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले भट्टा गांव के ग्रामीण श्मशान घाट में जलभराव और गंदगी से परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान घाट में भारी मात्रा में पानी भर गया है, जिससे अंतिम संस्कार में बाधा आ रही है और यह पानी गांव के कुछ घरों में भी घुसने लगा है।

ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार के दौरान जलभराव के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। श्मशान घाट में बिजली की कोई सुविधा नहीं है और साफ-सफाई की भी भारी कमी है। ग्रामीण दीपक, अंकित पंडित, बाबू खान, बनवारी लाल, चित्रा और जुसार के अनुसार, लंबे समय से सफाई न होने के कारण वातावरण दूषित हो गया है। यहां सांप-बिच्छू निकलने की घटनाएं आम हो गई हैं।

हाल ही में पानी में डूबकर एक गाय की मौत हो गई, जबकि दूसरी गाय को ग्रामीणों ने बचाया। ग्रामीणों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं।

## ग्रेटर नोएडा में दो बाइक टकराईं, एक की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान दनकौर कोतवाली क्षेत्र के बांजरपुर गांव निवासी इंद्रराज के रूप में हुई है। वह ग्रेटर नोएडा स्थित एक कंपनी में कार्यरत थे और रविवार सुबह बाइक से ड्यूटी जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने ओवरटेक करते समय उन्हें टक्कर मार दी। यह हादसा इतना भीषण था कि इंद्रराज गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर मारने के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल इंद्रराज को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे शिवम की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। परिवार का आरोप है कि यह हादसा अज्ञात बाइक सवार की लापरवाही के कारण हुआ है। कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि बाइक नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## पंचायत में किसानों की समस्या पर चर्चा

**दनकौर।** रविवार को भट्ट पारसौल गांव में किसानों की पंचायत हुई। पंचायत में किसानों ने की समस्याओं को हल करने के लिए रणनीति बनाई गई। किसान एकता महासंघ की पंचायत में बाली सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना ने कहा कि संगठन गांव और आसपास के किसानों की समस्याओं को हल करने के लिए प्राधिकरण के अधिकारियों से संपर्क करेगा। संगठन के प्रदेश प्रभारी पप्पू प्रधान ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से किसानों के मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान संगठन का विस्तार किया गया।

# किसान एकता महासंघ की बैठक संपन्न

## बाढ़ से फसल नुकसान पर मुआवजे की मांग उठी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में किसान एकता महासंघ की बैठक रविवार को संपन्न हुई। यह बैठक यमुना गौर सिटी में राजकुमार मलिक के आवास पर आयोजित की गई।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना की उपस्थिति में हुई इस बैठक की अध्यक्षता राजवीर ठेकेदार ने की, जबकि जिला अध्यक्ष अरविंद सेक्रेटरी ने संचालन किया।

बैठक के दौरान, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि नागर ने जिले में बाढ़ और भारी बारिश से किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि संगठन जल्द ही जिला प्रशासन से क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वेक्षण कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग करेगा।

इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए कई नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

हरीश मलिक को जिला महासचिव, मोहित चौधरी को जिला उपाध्यक्ष और दिनेश मलिक को जिला सचिव नियुक्त किया गया। संजय चौधरी, जितेंद्र चौधरी, पुनीत चौधरी और पंकज मलिक को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के हित में ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई गई।

बैठक में मास्टर इंद्रपाल सिंह, सुरेंद्र नागर, राहुल नागर, मलके नागर, अमित नागर, वीरू ठेकेदार, चंद्रपाल सिंह, ब्रह्म सिंह कसाना, रज्जाक ठेकेदार, प्रदीप कसाना, जयप्रकाश कसाना, राजपाल सिंह और मोनू कसाना सहित सैकड़ों किसान और संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रश्नोत्तरी से छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक करेगी पुलिस

**नोएडा।** मिशन शक्ति अभियान के तहत अब पुलिस विभिन्न स्कूलों में प्रश्नोत्तरी का आयोजन कर छात्राओं समेत अन्य स्टॉफ को जागरूक करेगी। विजेता छात्र-छात्राओं को पुलिस की ओर से पुरस्कृत भी किया जाएगा। प्रश्नोत्तरी में प्रश्न महिला सुरक्षा, समानता और लैंगिक न्याय,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और विभिन्न हेल्पलाइन समेत मिशन शक्ति से संबंधित अन्य पहलुओं पर होंगे। एसीपी वर्णिका सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का पांचवां फेज जिले भर में चलाया जा रहा है। इसके तहत रोजाना जिले के अलग-अलग हिस्से में कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मिशन शक्ति का मूल उद्देश्य सभी स्कूलों के बच्चों तक पहुंच सके, इसके लिए कार्यक्रमों के प्रकार में प्रश्नोत्तरी को भी शामिल किया गया है।फेज दो, फेज तीन और सेक्टर-63 थानाक्षेत्र के अंतर्गत जितने स्कूल हैं वहां के प्रबंधन से संपर्क कर लिया गया है। छात्र-छात्राओं को विभिन्न माध्यमों से जागरूक कर उन्हें महिला सुरक्षा और विभिन्न हेल्पलाइन नंबर की जानकारी प्रदान की जाएगी। मिशन शक्ति पर आधारित प्रश्नोत्तरी में जो भी विजेता होगा उसे पुरस्कृत किया जाएगा। मिशन शक्ति एक भारत सरकार की पहल है जो महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण को मजबूत करने के लिए है। पुलिस की मदद करने वाली महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत बीते दिनों सेक्टर-108 स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित भी किया गया है।

## चालक भाई के साथ कार लेकर फरार

**नोएडा।** हाथरस का चालक अपने मालकिन की कार लेकर राजस्थान चला गया और अब दो माह का वेतन भिजवाने के बाद वाहन मिलने की धमकी दे रहा है। कार स्वामिनी ने मामले की शिकायत सेक्टर-126 थाने की पुलिस से की है। इस मामले में चालक और उसके भाई के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। असगरपुर गांव निवासी पिंकी चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ट्रेडिंग कंपनी चलाती हैं। उन्होंने हाथरस के राजेश कुमार को बतौर कार चालक रखा हुआ है। वह तीन माह से नौकरी कर रहा है। 29 सितंबर को राजेश अपने भाई सतवीर कुमार के साथ कार लेकर चला गया।

# लंबी दूरी तय कर स्कूल आने वाले छात्रों को परिवहन शुल्क मिलेगा

**नोएडा।** जिले में संचालित पीएमश्री विद्यालय में कक्षा नौ से 12 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। पांच किलोमीटर दूर से आने वाले विद्यार्थियों को अगले माह से परिवहन शुल्क के रूप में छह हजार रुपये वार्षिक मिलेगा। शासन से मिले निर्देश के मुताबिक जो छात्र-छात्राएं विद्यालय से पांच किलोमीटर से अधिक दूरी पर रहते हैं, उन्हें परिवहन शुल्क देने की तैयारी है। प्रत्येक विद्यार्थी को छह हजार रुपये प्रतिवर्ष दिए जाएंगे। बता दें कि जुलाई में प्रदेश सरकार ने इसकी घोषणा की थी। अब यह वार्षिक शुल्क नवंबर में कक्षा नौ से 12वीं तक के विद्यार्थियों को दिया जाएगा।समग्र शिक्षा माध्यमिक राज्य परियोजना कार्यालय से मिले पत्र में बताया गया है कि विद्यालयों से सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थी को चिह्नित करें। यह प्रक्रिया हर हाल में इसी माह तक पूरी कर लेनी है। स्कूलों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति और ठहराव बढ़ाने के लिए शासन स्तर से परिवहन शुल्क देने की शुरुआत की जा रही है। प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि सुदूर क्षेत्र में रहने वाले विद्यार्थियों को चिह्नित करें।

# शार्ट न्यूज

## जेवर विधायक ने लोगों से की मुलाकात

**जेवर।** जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने रविवार को ग्रेटर नोएडा के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना से प्रभावित गांवों की महिलाओं से मुलाकात की। यह मुलाकात जेवर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई, जहां विधायक ने महिलाओं के साथ भोजन किया और उनकी समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर महिलाओं ने बताया कि नोएडा एयरपोर्ट परियोजना से क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है, जो गर्व की बात है। हालांकि, इसके साथ-साथ पारिवारिक, सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचे में बड़े बदलाव भी आए हैं। महिलाओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास की गति तेज होने की बात कही। उन्होंने सरकार से अपने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पुनर्वास को लेकर भी अपेक्षाएं व्यक्त कीं। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने महिलाओं की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि उनके सुझाव मार्गदर्शक हैं और उनकी हर आवाज सरकार तक पहुंचेगी। विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि विकास की राह में किसी भी परिवार की भावना को अनदेखा नहीं किया जाएगा।

## बेसमेंट में लीकेज की समस्या से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू सोसाइटी में लोग बेसमेंट में लगातार हो रही लीकेज की समस्या से परेशान हैं। आरोप है कि बेसमेंट से गुजर रही पाइपलाइन से हमेशा पानी टपकता रहता है। बिल्डर प्रबंधन से कई बार शिकायत की जा चुकी, लेकिन कोई सुनवाई हो रही। बेसमेंट में लगातार हो रहे लीकेज से पिलरों की मजबूती भी कमजोर हो रही है। सोसाइटी में रहने वाले गिरीश ने बताया कि कुछ दिन पहले हुई बारिश के दौरान बेसमेंट के अंदर कई स्थानों पर पानी टपकने लगा था। वहीं, पाइपलाइन में पानी का दबाव अधिक होने से ये समस्या उत्पन्न हो जाती है।लोगों को अपने वाहन तक पहुंचने में परेशानी हुई थी। आरोप है कि पानी लीकेज के कारण गाड़ियों के पास पानी भर जाता है। वहीं, पिलर की मजबूती कमजोर होने का भी खतरा बना रहता है, जिसको ठीक करने के लिए मेंटेनेंस प्रबंधन द्वारा कोई कार्य नहीं किया जा रहा है।

## सूखा कचरा निस्तारित करने के लिए सयंत्र शुरू

**नोएडा।** सेक्टर-34 में रविवार को उद्यानिक और सूखे कचरे के संयत्र का शुभारंभ किया गया। फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए, सेक्टर-34 ने प्राधिकरण और एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित किया है। इस संयंत्र शुभारंभ विधायक पंकज सिंह ने किया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष केके जैन बताया कि यह पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और कचरा प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्लांट के माध्यम से बागवानी अपशिष्ट और सूखे कचरे का निस्तारण किया जाएगा। महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि यह नोएडा में इस प्रकार का पहला संयंत्र है। उद्यानिक कचरे का सेक्टर में ही निस्तारण कर खाद तैयार कर सकेंगे।इसका संचालन इन्वायरो केयर द्वारा किया जाएगा। विधायक पंकज सिंह ने आरडब्ल्यूए की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से चलने वाले ऐसे परियोजनाएं शहर को स्वच्छ और हरित बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर बीजेपी नोएडा अध्यक्ष महेश चौहान फ़ोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, कुलदीप मुंशी मौजूद रहे।

## मामूली विवाद में दो पक्षों में सरेराह मारपीट

**नोएडा।** सेक्टर 39 थानाक्षेत्र स्थित ग्रेट वैल्यू शरणम् सोसाइटी के बाहर मामूली विवाद में दो बाइक सवारों के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हेलमेट से प्रहार किया। घटना का 29 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ है। किसी भी पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की है। एसीपी प्रवीण सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक मामला संज्ञान में आया है,जहां पर दो बाइक सवारों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हुई है। वीडियो सेक्टर-39 थानाक्षेत्र का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि हेलमेट पहना व्यक्ति नीली टीशर्ट पहने ऑनलाइन डिलीवरी करने व्यक्ति से हाथापाई कर रहा है, जबकि लाल टीशर्ट पहना व्यक्ति हेलमेट पहने व्यक्ति को रोक रहा है।चौथा व्यक्ति भी बीच बचाव कराने के लिए आता है। इतने में हेलमेट पहने व्यक्ति लाल टीशर्ट पहने व्यक्ति को धक्का देकर नीचे गिरा देता है। उसके सिर पर हेलमेट मारता है। नीली शर्ट पहना व्यक्ति भी हेलमेट से हमला करता है। इस दौरान घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो जाती है। पूरे मामले की अन्य व्यक्ति वीडियो बना लेता है।

## सरकारी योजना से कर्ज दिलाने के नाम पर ठगी

**नोएडा।** प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 35 लाख का ऋण दिलाने के नाम पर दंपति से एक युवक ने 1.20 लाख रुपये की ठगी की गई। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने धमकी दी। पीड़ित महिला ने फेज-तीन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। दिव्यांग रूपलता शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह पति विनोद शर्मा के साथ गांव में रहती हैं। पति चक्की चलाते हैं। फरवरी 2025 में दुकान पर आकाश शुक्ला नाम का व्यक्ति आया था। उसने खुद को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से जुड़कर काम करने वाला होने का दावा किया।दंपति को दिव्यांग कोटे से 35 लाख रुपये का सस्ती दरों पर ऋण दिलाने का झांसा दिया। कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए दंपति ऋण लेने के लिए तैयार हो गए। आकाश कुछ दिनों बाद दुकान पर आया। ऋण के लिए आवेदन करने की बात कहकर आधार, पैन कार्ड और रूपलता का दिव्यांग प्रमाणपत्र लेकर चला गया। ।आरोप है कि इसकी एवज में आरोपी ने कई बार में 1.20 लाख रुपये ले लिए। काफी दिन बीतने के बाद पीड़िता ने ऋण के बारे में पूछा तो आकाश टरकाने लगा। जानकारी करने पर पता चला कि वह ऋण दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा कर रहा है।

## जापानी पार्क में हरियाली पर खर्च होंगे 3 करोड़

**नोएडा।** सेक्टर-94 में बन रहे जापानी पार्क में हरियाली के कामकाज कराने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है। एजेंसियां 15 अक्तूबर तक आवेदन कर सकती हैं। हरियाली के कामकाज पर प्राधिकरण 3 करोड़ 9 लाख 60 हजार रुपये खर्च करेगा। यह पार्क करीब 14 एकड़ में बनाया जा रहा है। यहां सिविल से संबंधित काम शुरू हो चुका है। अब उद्यान विभाग से संबंधित काम शुरू कराने के लिए टेंडर जारी किया गया है। चुनी जाने वाली एजेंसी को हरियाली विकसित करने के साथ ही उसकी दो साल तक देखरेख भी करनी होगी। प्राधिकरण ने 15 अक्टूबर तक एजेंसियों से आवेदन मांगे हैं।उद्यान विभाग विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जापानी पार्क में संस्कृति के उन पहलुओं को दिखाया जाएगा जिनमें प्रकृति प्रेम, शांति, और अध्यात्म जैसे गुण हैं। पार्क में जापानी झूले, ड्रेगन के आकार का झूला, कई सेल्फ़ी पॉइंट, वॉकिंग ट्रैक, झरने, और छोटे पुल होंगे। यहां कुछ ऐसे पेड़-पौधे भी उगाए जाएंगे जो मियावाकी तकनीक से उगाए जाएंगे। नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग के निदेशक आनंद मोहन ने बताया कि सिविल के काम जनवरी में पूरे होने के बाद उद्यान के काम शुरू कराए जाएंगे।

## धोखाधड़ी के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा।** एक कंपनी के मैनजर ने चार लोगों पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपियों ने उनकी बहन के नाम से कंपनी रजिस्टर्ड कार्रवाई तथा उसपर जीएसटी आदि का इनपुट लेकर लाखों रुपए का गबन किया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित मैनेजर कृष्ण चैतन्य ने न्यायालय को बताया कि वीरेंद्र सिंह, अजीत, तृप्ति गर्ग और निखिल गर्ग ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। आरोपी उनसे मिले तथा उन्होंने कहा कि वह लोग टीवी के ब्रैकेट व स्टैंड बनाने का काम पार्टनरशिप में शुरू करते हैं।पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने इसी बीच उनकी बहन सविता का आधार कार्ड आदि दस्तावेज हासिल कर लिया तथा धोखाधड़ी करके एक कंपनी उसकी बहन के साथ पार्टनरशिप में बनाई। इन लोगों ने कंपनी के नाम पर बिल काटकर लाखों रुपए के जीएसटी की धोखाधड़ी की तथा कंपनी के नाम से लोन ले लिया। पीड़ित को जब आरोपियों द्वारा की गई धोखाधड़ी के बारे में पता चला तो पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि न्यायालय के आदेश का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# शारदा नदी पर अब तक नहीं बन पाया पैंटून पुल, लोगों को 30 की जगह तय करनी पड़ रही 130 किमी की दूरी

**टेंडर प्रक्रिया में खामियां, नाव संचालन और पुल निर्माण दोनों अटके**

**पीलीभीत।** जनपद की पूरनपुर तहसील के लोगों के लिए राहत की खबर इस बार भी देर से आएगी। शारदा नदी पर हर साल की तरह 15 अक्टूबर से पैंटून पुल चालू होने की उम्मीद थी, लेकिन टेंडर प्रक्रिया में खामियां निकलने के बाद पुल बनाने का काम एक बार फिर अटक गया है। अब विभाग ने नाव संचालन इस महीने के आखिर तक और पुल अगले महीने के आखिर तक शुरू होने की संभावना जताई है।शारदा नदी पार के गांवों के लिए यही पुल प्रशासनिक और आर्थिक जीवन रेखा माना जाता है। हर साल बाढ़ के खतरे को देखते हुए 15 जून को पुल हटा लिया जाता है और अक्टूबर में पानी घटने पर फिर से जोड़ा जाता है। लेकिन पिछले तीन साल से यह सिलसिला तय तारीखों पर पूरा नहीं हो पा रहा।

पैंटून पुल और नाव दोनों ही न चल पाने से नदी पार के करीब सवा लाख लोग परेशान हैं। जहां सामान्य दिनों में पूरनपुर तक पहुंचने में 30 किलोमीटर लगते हैं, वहीं अब लोगों को 130 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर लखीमपुर के संपूर्णानगर, पलिया, भीरा, मैलानी या शाहजहांपुर के खुटार रास्ते से आना-जाना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत मुरैनिया गांधी, शांति नगर, राणा प्रतापनगर, कबीरगंज, विजयनगर, नहरोसा, श्रीनगर, कुठिया गुदिया, सिद्धनगर, भरतपुर, वमनपुर भागीरथ, रामनगर, सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज, बैल्हा, अशोकनगर और शास्त्रीनगर समेत 16 ग्राम पंचायतों की रोजमर्रा की जिंदगी पर इसका असर पड़ रहा है। पिछले साल भी स्थिति कुछ ऐसी ही रही थी।

केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद की पहल के बाद दिसंबर के अंत में जाकर पुल से आवागमन शुरू हो सका था। इस बार भी नाव संचालन के टेंडर में गड़बड़ी की शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचने से प्रक्रिया रुक गई है।

### दीपावली से पहले शुरू हो सकता है पक्का पुल निर्माण

इधर, राहत की बात यह है कि शारदा नदी पर बनने वाले स्थायी पुल का काम दीपावली से पहले शुरू हो सकता है। इसके लिए सरकार ने 2 अरब 69 करोड़ 13 लाख रुपये का बजट मंजूर कर दिया है और पहली किस्त के तौर पर 94 करोड़ रुपये जारी भी कर दिए गए हैं।

सेतु निगम बरेली के एसडीओ आशीष निर्वाल के मुताबिक, वन विभाग से एनओसी मिलते ही निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। मशीनें पहुंच चुकी हैं और हजारा की ओर से काम शुरू करने की तैयारी है।

### पीडब्ल्यूडी का दावा जल्द होगी प्रक्रिया पूरी

पीडब्ल्यूडी के जेई मनोज कुमार का कहना है कि नाव संचालन और पैंटून पुल के टेंडर पहले ही हो चुके हैं। कुछ ठेकेदारों ने खामियों की शिकायत की थी, जिससे प्रक्रिया रुक गई। उन्होंने बताया कि मामले को जल्द सुलझा लिया जाएगा और इस महीने के अंत तक नाव चलाने, जबकि अगले महीने के अंत तक पुल तैयार कराने की पूरी कोशिश है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत जीआरपी ने बढ़ाई महिलाओं में जागरूकता

## गिरा हुआ मोबाइल लौटाकर जीआरपी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**पीलीभीत।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर जीआरपी पीलीभीत की ओर से रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1, 2, 3, सर्कुलेटिंग एरिया और टिकट विंडो पर महिला यात्रियों व बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां दी गईं।

अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे लखनऊ के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के नेतृत्व और क्षेत्राधिकारी रेलवे द्वितीय के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जीआरपी पीलीभीत ने महिला पुलिसकर्मियों के साथ स्टेशन परिसर और गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों को नारी सुरक्षा व साइबर क्राइम से बचाव के उपाय बताए। यात्रियों को मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट और हेल्पलाइन नंबर भी वितरित किए गए।अभियान के दौरान एक सराहनीय घटना भी सामने आई। सर्कुलेटिंग एरिया में एक महिला यात्री का लगभग 20 हजार रुपये मूल्य का ओपो कंपनी का मोबाइल गिर गया था, जिसे जीआरपी टीम ने चेकिंग के दौरान बरामद कर लिया। बाद में मोबाइल उसकी मालकिन श्रीमती सरिता देवी पत्नी गंगाराम, निवासी ग्राम करनापुर शाहगढ़ थाना कलीनगर जिला पीलीभीत को सुपुर्द किया गया। मोबाइल लौटाने के लिए महिला ने जीआरपी टीम की प्रशंसा की।थानाध्यक्ष जीआरपी ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और यात्रा के दौरान उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। स्टेशन परिसर में भी मिशन शक्ति अभियान की गाइडलाइन से लोगों को अवगत कराया गया।

## घर में घुसकर महिला को गोली मारी

**मेरठ।** मेरठ में घर में घुसकर एक हमलावर ने महिला को गोली मार दी। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गया। गंभीर हालत में महिला ने पति को कॉल किया। कहा- जल्दी घर आ जाओ। मुझे किसी ने गोली मार दी है। रविवार सुबह साढ़े 9 बजे सीमा गोयल (40) घर में अकेली थी। पति मुकेश चंद गोयल (65) दुकान में गए थे। सीमा किचन में नाश्ता बना रही थी। तभी नकाबपोश हमलावर घर में घुसा और सीधे किचन में आ गया। वहां ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एक गोली सीमा के पैर में गोली लगी है। दूसरी गोली उसको छूकर निकल गई है। सीमा के चीखने और फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसी बीच घर पहुंचे पति मुकेश पत्नी को प्राइवेट अस्पताल ले गए।

## डीएम-एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किया पैदल गश्त: आगामी त्यौहारों को लेकर लिया जायजा



**ललितपुर।** डीएम - एसपी द्वारा आगामी त्यौहारों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत थाना कोतवाली पुलिस के साथ मुख्य चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड स्थानों पर पैदल गश्त किया। वहीं आमजनमानस व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का एहसास दिलाया। जिलाधिकारी अमनदीप डुली व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना कोतवाली ललितपुर क्षेत्रांतर्गत पैदल गस्त किया । पैदल गस्त के दौरान दुकानों/प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किये गये तथा व्यापारीगण/आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वत कराया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली को आगामी त्योहार धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा आदि को शान्ति पूर्वक संपन्न कराने तथा क्षेत्र में लगातार भ्रंमण शील रहने हेतु निर्देशित किया गया । एसपी द्वारा भ्रमण के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहन चालको व लोगों को बिना ड्रायविंग लाइसेंस , शराब पीकर आदि वाहन न चलाने हेतु जागरूक किया तथा आमजन से यातायात नियमों का पालन करने हेतु अपील की गयी ।

## जनसुनवाई के दौरान बताया कानून व्यवस्था मंत्र

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**



**अंबेडकर नगर।** जनपद के महरुआ थाना क्षेत्र के थाना अध्यक्ष महरुआ यादवेंद्र सोनकर ने रविवार को अपने मातहत सभी उपनिरीक्षकों हेड कांस्टेबल पुरुष कांस्टेबल एवं महिला कांस्टेबल को ब्रीफ करते हुए कहा कि आगामी दीपावली त्यौहार के मद्दे नजर पूरे थाना क्षेत्र और थाना क्षेत्र के अगल-बगल के असामाजिक तत्व सक्रिय हो सकते हैं, जिसके मद्दे नजर महरुआ पुलिस को समय रहते सजग व एक्टिव रहना है। उन्होंने कहा कि पूरे थाना क्षेत्र में आप लोग पता करें कि जुआ कहां-कहां होता है? कौन लोग सट्टेबाजी करते हैं? या पैसा लगाने का खेल खेलते हैं?। मोटर चोरी,इंजन चोरी,छोटी-छोटी चोरियां करने वाले चिंदी चोरों पर विशेष नजर बनाएं।गांव के ग्राम प्रधान गणमान्य नागरिकों से संपर्क करके ऐसे चिंदी चोरों को चिन्हित कर मुझे अवगत कराया जाय। उन्होंने बताया कि पूरे थाना क्षेत्र में आगामी त्योहारों के मद्दे नजर शांति व्यवस्था व कानून का राज दिखाई देना चाहिए,किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए संबंधित को दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए अपने-अपने हलके और बीट कार्यवाही में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।महिलाओं, बालिकाओं से संबंधित शिकायतों का बहुत ही गंभीरता से निराकरण करने का प्रयास किया जाए।

# मौलाना ने पीटा तो छात्रों ने पत्नी-बेटियों को मार डाला

## बागपत मस्जिद में सिर कूंचा; रोने का नाटक करते रहे; 4 घंटे में बदला लिया

**बागपत।** यूपी के बागपत की मस्जिद में मौलाना की पत्नी और उनकी दो बेटियों की हत्या 2 छात्रों ने की थी। दोनों मस्जिद में ही मौलाना से तालीम (शिक्षा) ले रहे थे। शनिवार सुबह 9 बजे मौलाना इब्राहिम ने पढ़ाई करने के लिए दोनों छात्रों की पिटाई की। फिर वह अफगानी विदेश मंत्री के स्वागत के लिए सहारनपुर के देवबंद चले गए।

दोपहर 1 बजे दोनों छात्र मस्जिद में घुस आए। वहां बने कमरे में गए तो मौलवी की पत्नी इसराना (30) और दोनों बेटिया सोफिया (5) और सुमैय्या (2) कमरे में सो रही थी।आरोपी छात्रों ने सोते वक्त ही हथौड़ा मारकर तीनों की हत्या कर दी। यानी छात्रों ने 4 घंटे में ही पिटाई का बदला लिया।

फिर चाकू से गला रेत दिया, ताकि जिंदा बचने की कोई चांस न हो। इसके बाद दोनों भाग गए। जब मस्जिद में शनिवार दोपहर 2 बजे मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए लोग आए। उन्होंने मौलाना को आवाज दी, लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं आया। लोग पहली मंजिल पर गए तो कमरे से बाहर खून बहता नजर आया। दरवाजा खोला तो अंदर पत्नी और दो बेटियों की खून से लथपथ लाश पड़ी थी।

ट्रिपल मर्डर से हड़कंप मच गया। सैकड़ों की संख्या में लोग मस्जिद पहुंच गए। पुलिस के सीनियर अफसर भी पहुंच गए। लोग हंगामा करने लगे और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जिस वक्त वारदात हुई, उस वक्त मौलवी घर पर नहीं थे। वह देवबंद में अफगानी विदेश मंत्री मुत्तकी के स्वागत के लिए गए हुए थे। आसपास के लोगों ने उनको सूचना दी। वह उल्टे पैर लौटकर आ गए।



ट्रिपल मर्डर का खुलासा हुआ तो आरोपी छात्र आ गए। उन्होंने रोने और हंगामे का नाटक भी किया।

एसपी सूरज राय ने कहा- दोनों आरोपी मस्जिद के मदरसे में पढ़ाई करते थे। मौलवी ने उनकी पिटाई की थी, इसलिए छात्रों ने उनकी पत्नी और दो बेटियों की हत्या की। आरोपियों की उम्र 14 और 15 साल है। दोनों ने जुर्म कबूल कर लिया है।

बागपत जिला मुख्यालय से करीब 45 किमी दूर दोघट थाने में गांगनोली गांव है। यहां मस्जिद में इब्राहिम मुफ्ती है। वह मस्जिद में नमाज पढ़ाने के साथ ही मदरसे में बच्चों को तालीम देते थे। मस्जिद के ऊपर ही एक कमरा बना था। इसमें पत्नी और दो बेटियों का परिवार रहता था। इब्राहिम मूलरूप से मुजफ्फरनगर के सुन्ना गांव के रहने वाले थे।

# मिशन शक्ति के तहत जनपद में चलाया गया जागरूकता अभियान

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा आज दिनांक 12.10.2025 को विभिन्न सार्वजनिक स्थलों व स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया गया।इस दौरान पुलिस टीमों ने बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों और कॉलेजों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। जागरूकता सत्रों में निम्न विषयों पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। आत्मरक्षा के आसान व प्रभावी उपाय साइबर अपराध से बचाव के तरीके यौन उत्पीड़न की पहचान व उससे बचाव महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स 1090 - वूमेन पावर लाइन 1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098 ङ्क चाइल्ड हेल्पलाइन 181 ङ्क महिला हेल्पलाइन 112 ङ्क पुलिस आपातकालीन सेवा

102 ङ्क स्वास्थ्य सेवा 108 ङ्क एम्बुलेंस सेवा 1930 ङ्क साइबर अपराध हेल्पलाइन महिलाओं से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की असुरक्षा की स्थिति में इन सेवाओं का प्रयोग करें, सतर्क रहें तथा किसी भी शोषण के खिलाफ आवाज उठाएं। यह अभियान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।



## पति ट्रेन के आगे कूदा, पत्नी फंदे पर लटकी

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। पति की मौत की खबर सुनते ही पत्नी ने फंदे से लटक कर जान दे दी। दोनों घटना एक घंटे के अंदर हुई है। शनिवार सुबह पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। गुस्से में पति घर से निकला और 2 किलोमीटर दूर रेलवे ट्रैक पर जाकर ट्रेन के आगे कूद गया। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। शव लेकर घर पहुंचे तो कमरे में पत्नी फंदे से लटकी मिली। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस उनके घर पहुंची। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना मटसेना थान क्षेत्र के दबरई गांव की है। दबरई गांव में पुष्पेंद्र (30) का घर है। पुष्पेंद्र खेती किसानी करते हैं। पुष्पेंद्र दो भाई हैं। छोटा भाई प्रमोद (25) चूड़ी बेचने का काम करता है। प्रमोद और पुष्पेंद्र दोनों अलग घर में रहते हैं। दो साल पहले प्रमोद की जसराना थाना क्षेत्र के पलिया बहत की रहने वाली निशा (22) से शादी हुई। उन दोनों की एक 4 महीने की बेटी है। शनिवार सुबह किसी बात को लेकर प्रमोद का निशा से झगड़ा हुआ। बात इतनी बढ़ गई कि भाई पुष्पेंद्र को बीच बचाव करने आना पड़ा। दोनों को समझाने के बाद मामला शांत हो गया।

# शार्ट न्यूज

## ढाकुलिया बाबा स्थान की जमीन पर विवाद फिर गहराया, साधु-संतों में रोष

**बीसलपुर।** गांव सखिया स्थित प्रसिद्ध ढाकुलिया बाबा स्थान की जमीन को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। जिस जमीन को प्रशासन ने सरकारी घोषित किया था, अब वहां ट्रैक्टर से जुताई कराए जाने से साधु-संतों में रोष व्याप्त हो गया है। जानकारी के अनुसार, तीन माह पहले छत्रपाल गंगवार द्वारा यहां मेले का आयोजन किया गया था। इसी दौरान साधु-संतों ने पूजा-अर्चना शुरू की तो एडीएम रितु पुनिया, एसडीएम नागेंद्र पांडे, लेखपाल और कानूनगो ने मौके पर पहुंचकर भूमि को सरकारी बताते हुए दुकानदारों को पुलिस की मदद से हटा दिया था। इसके विरोध में जूना अखाड़े के साधु-संतों ने भूख हड़ताल शुरू की थी, जो प्रशासन द्वारा पूजा-अर्चना की अनुमति देने के बाद समाप्त हुई। अब उसी भूमि पर ट्रैक्टर से जुताई शुरू कराए जाने पर बाबा सत्यागिरी ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि जब जमीन सरकारी घोषित की जा चुकी है, तो प्रशासन खुद जुताई क्यों करा रहा है? यदि तत्काल यह कार्य बंद नहीं कराया गया तो साधु-संत दोबारा भूख हड़ताल करने को बाध्य होंगे।

## विश्वकर्मा युवा संगठन की बैठक हुई संपन्न

**ललितपुर।** महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हेंडी में दिन रविवार को विश्वकर्मा समाज की धर्मशाला में समाज के युवाओं की आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें समाज में फैली कुरीतियों इनमें बाल विवाह ,मृत्यु भोज, दहेज प्रथा तथा समाज को शिक्षा एवं रोजगार से जुड़ने जैसी तमाम बातों पर चर्चा की गई और बताया गया कि हमें समाज विकास के लिए निरंतर प्रयास करना होगा और सभी युवाओं से आग्रह किया वह संगठन की सदस्यता ग्रहण करें एवं समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य करें एवं यह भी निर्णय लिया गया समाज में किसी भी व्यक्ति को बुरे वक्त में संगठन हमेशा मदद करने के लिए तत्पर है एवं युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़कर संगठन का गठन किया गया जिससे आगामी भविष्य में हमारी एकता का प्रतीक दिखाई दे विश्वकर्मा समाज हमारा आज भी विकास की मुख्य धारा से काफी दूर है उसको लेकर युवाओं को आगे आने के लिए संगठन के सभी सदस्य प्रेरित करने का कार्य करेंगे बैठक में विश्वकर्मा युवा संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सदस्यों को पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई जिसमें संगठन के अध्यक्ष सोनू विश्वकर्मा को सर्व सहमति से चुना गया।

## हाथरस में पुलिस चौकीदार ने की आत्महत्या

**सादाबाद।** हाथरस के सादाबाद क्षेत्र के गांव बेदई में एक पुलिस चौकीदार ने अपने घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 52 वर्षीय प्रेमपाल के रूप में हुई है, जो कोतवाली सादाबाद में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। घटना की जानकारी रविवार सुबह परिवार को हुई। जानकारी के अनुसार, प्रेमपाल का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था, जिसके कारण उनकी पत्नी मायके में रह रही थीं। दो दिन पहले प्रेमपाल अपनी पत्नी को मायके से वापस बुलाने गए थे, लेकिन उन्होंने आने से इनकार कर दिया। इसी बात से आहत होकर प्रेमपाल ने बीती रात यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रेमपाल की मौत से परिवार में शोक का माहौल है। गांव के प्रधान मोहित चौहान और अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया।

## सिपाही ने शादी का झांसा देकर रेप किया

**मेरठ।** मेरठ में सिपाही पर युवती ने नशीला कोल्ड ड्रिंक पिलाकर रेप का आरोप लगाया है। उसने बताया- झूठे प्यार में फंसाकर उसने नजदीकियां बढ़ाईं। शादी का झांसा देकर मिलता रहा। रेस्टोरेंट में बुलाया और नशीला कोल्ड ड्रिंक पिलाकर रेप किया। जब शादी के लिए कहा तो इनकार कर दिया। अब हरियाणा के गैंगस्टर से हत्या की धमकी दिला रहा है। शिकायत के बाद एसएसपी ने सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया है। युवती ने एसएसपी को चैट का डिटेल, वॉयस मैसेज सौंपी है। सिपाही का नाम विवेक चौधरी है। युवती से मिलने के दौरान वह ब्रह्मपुरी थाने में तैनात था, लेकिन उसने कुछ दिनों पहले कंकरखेड़ा थाने में अपना ट्रांसफर करा लिया था। वर्तमान में वह सीओ दौराला की ड्यूटी में लगाया गया था। युवती ने बताया- 2024 के अगस्त महीने में उसका भाई किसी काम से ब्रह्मपुरी थाने गया था। वहां उससे सिपाही विवेक चौधरी मिला था। भाई से उसने किसी बहाने से उसका मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद वह उससे बातचीत करने लगा। सिपाही ने उससे प्रेम का नाटक किया। उसको भी नौकरी दिलाने का वादा किया। युवती के अनुसार, सिपाही उससे शादी करने की बात फोन पर करता था।

## लखनऊ में लुटेरा गुरुसेवक एनकाउंटर में ढेर

**लखनऊ।** लखनऊ में पुलिस ने 1 लाख के इनामी लुटेरे को मार गिराया है। मृतक की शिनाख्त गुरुसेवक पुत्र बलिंद्र के रूप में हुई। उसकी उम्र 29 साल और वह शाहजहांपुर के पटाई पुवायां का रहने वाला था। पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सिंह ने गुरुसेवक पर एक लाख का इनाम रखा था। उस पर हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट के 8 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, गुरुसेवक ने बीते दिनों उन्नाव के ड्राइवर योगेश पाल और शाहजहांपुर के पुवायां में ड्राइवर अवनीश दीक्षित की हत्या कर कार लूट ली थी। उसकी तलाश में पुलिस टीम जुटी थी। देर शाम सूचना मिली कि गुरु सेवक आगरा एक्सप्रेस-वे पर मौजूद है। वह भागने की फिराक में है। एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट की सर्विस लेन पर पुलिस ने उसकी घेराबंदी की। लेकिन उसने कार की स्पीड बढ़ा दी। पुलिस ने करीब एक किमी उसका पीछा किया। तभी गुरुसेवक ने पुलिस पर फायरिंग की। इस दौरान दो पुलिसकर्मियों के बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी। पुलिस की गाड़ी पर भी बुलेट लगी। जवाबी कार्रवाई में गुरुसेवक गोली लगने से ढेर हो गया। उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। उसके पास से 38 बोर की रिवॉल्वर, पिस्टल, कारतूस, खोखा और शाहजहांपुर में लूटी गई कार बरामद हुई है।

# पुलिस लाइन में रिक्रूट आरक्षियों की क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न, टीम नं. 07 बनी विजेता

## अपर पुलिस अधीक्षक ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रविवार को पुलिस लाइन पीलीभीत में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों एवं पुलिस लाइन टीम के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने प्रतिभाग किया। कई रोमांचक मुकाबलों के बाद चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं।

पहला सेमीफाइनल टीम नं. 04 और टीम नं. 14 के बीच खेला गया, जिसमें टीम नं. 14 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में स्थान बनाया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल टीम नं. 07 और पुलिस लाइन टीम के बीच खेला गया, जिसमें टीम नं. 07 विजयी रही। इसके उपरांत हुए फाइनल मुकाबले में टीम नं. 07 ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए टीम नं. 14 को हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। टीम नं. 14 उपविजेता रही।विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक चतुर्वेदी और प्रतिसार निरीक्षक संतोष राघव भी उपस्थित रहे।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य रिक्रूट आरक्षियों में टीम भावना, अनुशासन और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देना बताया गया।



## 8 करोड़ की जमीन बेचने वाले महंत की मौत

**अयोध्या।** अयोध्या के रावत मंदिर के महंत राम मिलन दास की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शनिवार शाम को खाना खाने के बाद अचानक उनके मुंह से झाग निकलने लगा। आनन-फानन में शिष्य उन्हें अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। 48 साल के महंत राम मिलन दास 15 साल से रावत मंदिर के महंत थे। वह कुशीनगर जिले के बड़हरा गांव के रहने वाले थे। मंदिर की अयोध्या के रामघाट इलाके में जमीन थी, जिसे 2 महीने पहले उन्होंने 8 करोड़ रुपए में बेची थी। रावत मंदिर राममंदिर से सिर्फ 2 किलोमीटर दूर है। शिष्यों के मुताबिक, इस जमीन का पैसा महंत राम मिलन के अकाउंट में आया था। इसके अलावा उनके खाते में डेढ़ करोड़ रुपए पहले से थे। यानी, उनके अकाउंट में करीब 9.5 करोड़ रुपए थे।

# सुचिता पूर्ण ढंग से शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न : एसडीएम

### पीसीएस परीक्षा के दौरान चाक चौबंद रही व्यवस्था

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीसीएस) की प्रारंभिक 2025 रविवार को पूरे सूबे में आयोजित की गई।जिलाधिकारी अंबेडकर नगर अनुपम शुक्ला के दिशा निर्देशन पर जनपद में भी दर्जनों परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी पहुंचकर सकुशल शांतिपूर्ण सुचिता पूर्ण ढंग से परीक्षा में प्रतिभाग किए।

हर बार की तरह इस बार भी पहली पाली की परीक्षा सुबह 9: 30 से 11: 30 के दौरान आयोजित हुई और दूसरी पाली की परीक्षा ढाई बजे से साढ़े चार बजे के मध्य संपन्न हुई।

एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इस बार आयोग ने अत्याधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित निगरानी प्रणाली लागू की है,आयोग अपने हाईटेक कंट्रोल रूम से परीक्षा की लगातार निगरानी कर रहा है। एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जनता इंटर कॉलेज महरुआ सेंटर पर कुल 480 परीक्षार्थियों को परीक्षा देना था।

जिसमें 230 परीक्षार्थी उपस्थित थे शेष परीक्षार्थी किसी कारण से अनुपस्थित थे।

इस दौरान अत्याधुनिक प्राद्यौगिकी एआई व्यवस्था के तहत सभी परीक्षार्थियों की आंखों की रेटिना का स्कैनिंग के माध्यम से सत्यापन किया गया।



विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेंद्र प्रसाद यादव सेक्टर मजिस्ट्रेट एसपी सिंह रंजना शिक्षक के साथ शिक्षक अरुण कुमार सिंह थाना अध्यक्ष महरुआ यादवेंद्र सोनकर के साथ उपनिरीक्षक सुधीर त्रिपाठी हेड कांस्टेबल नितिन सिंह ,कांस्टेबल प्रेम कांस्टेबल अश्विनी यादव महिला कांस्टेबल आशा यादव महिला कांस्टेबल दीक्षा सिंह के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद रहकर सुरक्षा तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपना संपूर्ण योगदान दिया।

एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पालियों की परीक्षा सुचिता पूर्ण माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया उनके जाने के वाहनों को उपलब्ध कराया गया ज्यादातर परीक्षार्थी निजी वाहनों से ही आए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप ने मध्य पूर्व जाने से पहले कराया मेडिकल टेस्ट

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मध्य पूर्व की यात्रा से पहले शुक्रवार को मैरीलैंड के बेथेस्डा स्थित वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में स्वास्थ्य जांच कराई। 79 वर्षीय ट्रंप जनवरी में व्हाइट हाउस में दोबारा कार्यभार संभालने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति हैं। व्हाइट हाउस ने इसे ट्रंप की नियमित जांच बताई। यह जांच उनके व्यापक शारीरिक परीक्षण के छह महीने बाद हो रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यहां सैनिकों के साथ बैठक भी की। ट्रंप ने कहा, शारीरिक और मानसिक रूप से बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। यह डॉक्टर के पास छह महीने में एक बार होने वाली मुलाकात थी। मुझे जांच कराना पसंद है। बता दें, जुलाई में व्हाइट हाउस ने खुलासा किया था कि ट्रंप के पैरों के निचले हिस्से में सूजन और दाहिने हाथ पर चोट के निशान हैं, जबकि तस्वीरों में राष्ट्रपति के टखने सूजे दिखाई दे रहे थे। उनके हाथ का प्रभावित हिस्सा मेकअप से ढका हुआ था।

### खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर आतंकी हमला, तीन आतंकवादी ढेर

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को एक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर आतंकियों के हमले में तीन आतंकवादी मारे गए और एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। घटना डेरा इस्माइल खान जिले के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में हुई, जो दक्षिण वजीरिस्तान सीमा के पास स्थित है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 7 से 8 भारी हथियारों से लैस आतंकियों ने केंद्र पर हमला किया। एक आत्मघाती हमलावर ने केंद्र के पास खुद को उड़ा लिया, जिससे सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि चार से पांच आतंकी अभी भी परिसर के भीतर छिपे होने की आशंका है। सुरक्षा बलों का ऑपरेशन जारी है। हमले में एक पुलिसकर्मी मारा गया है। छह अन्य घायल हुए हैं। इस बीच, पाकिस्तान आर्मी की स्पेशल सर्विसेज ग्रुप (एसएसजी) की टुकड़ी भी स्थल पर पहुंच चुकी है।

### तुर्किए और इराक के बीच जल बंटवारे पर प्रारंभिक समझौता

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किए और इराक ने शुक्रवार को टिगरिस और यूफ्रेट्स नदियों के घटते जल प्रवाह को साझा करने और बेहतर प्रबंधन के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर सहमति जताई। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब पश्चिम एशिया के कई हिस्सों में सूखे की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। इराक के विदेश मंत्री फुआद हुसैन ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस समझौते पर जल्द ही इराक में हस्ताक्षर किए जाएंगे। गौरतलब है कि इराक लंबे समय से यह आरोप लगाता रहा है कि तुर्किए द्वारा बनाए गए बांध उसके हिस्से का पानी रोक रहे हैं। इराक की अधिकांश ताजा जल आपूर्ति टिगरिस और यूफ्रेट्स नदियों से होती है, जिनका उद्गम तुर्किए में है।

### रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों से कीव में 20 घायल, दक्षिण-पूर्व में बच्चे की मौत

**कीव, एजेंसी।** रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों ने शुक्रवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव को हिला दिया, जिसमें कम से कम 20 लोग घायल हो गए और एक 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। कई आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं और देश के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, राजधानी के केंद्र में 17 मंजिला इमारत की छठी और सातवीं मंजिल पर आग लगने के बाद रेस्क्यू टीमों ने 20 से अधिक लोगों को बचाया। पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस पूर्वी मोर्चे पर असफलताओं की भरपाई के लिए नागरिक क्षेत्रों को निशाना बना रहा है। वे युद्ध के मैदान में कुछ नहीं कर पा रहे, इसलिए हमारे शहरों और बिजली संयंत्रों पर हमला कर रहे हैं।

### पूर्व पीएम ऋषि सुनक को माइक्रोसॉफ्ट और एंथ्रोपिक में काम करने की मंजूरी मिली

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को अमेरिकी टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट और एआई फर्म एंथ्रोपिक के लिए अंशकालिक वेतनभोगी सलाहकार के रूप में काम करने की मंजूरी मिल गई है। सरकारी निगरानी संस्था एडवाइजरी कमेटी ऑन बिजनेस अपॉइंटमेंट्स ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। समिति ने कहा कि सुनक को दो साल तक दोनों कंपनियों की ओर से सरकार को लॉबी करने की इजाजत नहीं होगी।

# सुरक्षा परिषद में भिड़े अमेरिका और वेनेजुएला, जमकर हुई बहस: ट्रंप सरकार ने कहा- पीछे नहीं हटने वाले

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आपात बैठक हुई। यह बैठक वेनेजुएला ने अमेरिकी हमलों के खिलाफ बुलाई थी, जिसमें अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तीखी बहस हुई। वेनेजुएला की मादुरो सरकार ने ट्रंप प्रशासन पर सशस्त्र हमला करने की आशंका जताई, वहीं अमेरिका ने कहा कि वे ड्रग कार्टेल के सफाए के लिए पूरी ताकत लगाएंगे और मादुरो सरकार के आरोपों को खारिज कर दिया। अमेरिका ने हाल के दिनों में वेनेजुएला की चार नौकाओं को निशाना बनाया है। वेनेजुएला का आरोप है कि इन हमलों में 21 लोगों की मौत हुई है।

**अमेरिका का दावा- ड्रग कार्टेल के खिलाफ कार्रवाई की :** अमेरिका का दावा है कि जिन नौकाओं को निशाना बनाया गया, उनसे वेनेजुएला से ड्रग्स की अमेरिका में तस्करी की जा रही थी। वहीं वेनेजुएला सरकार का आरोप है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, निकोसल मादुरो सरकार को अपदस्थ करने और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता को खतरा पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। वेनेजुएला ने कैरेबियाई समुद्र में अमेरिकी सेना की बड़े पैमाने पर तैनाती पर भी चिंता जाहिर की। वेनेजुएला ने ट्रंप प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप सुरक्षा परिषद की बैठक में वेनेजुएला के संयुक्त राष्ट्र राजदूत सैमुअल मोनकाडा ने कहा, अमेरिकी सरकार की आक्रामक कार्रवाई और बयानबाजी इस तथ्य की



ओर साफ इशारा करती हैं कि हम एक ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं जिसमें यह अनुमान लगाया जा सकता है कि जल्द ही अमेरिका, वेनेजुएला पर सशस्त्र हमला कर सकता है। बैठक के दौरान वेनेजुएला को अपने सहयोगी देशों रूस और चीन से समर्थन मिला, लेकिन 15 सदस्यीय परिषद के बाकी सदस्यों ने संभलकर बयान जारी किया और दोनों देशों से तनाव कम करने और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पालन करने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार सभी 193 सदस्य देशों को दूसरे देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना और विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाना जरूरी है।

मोनकाडा ने परिषद से अमेरिकी सैन्य कार्रवाई रोकने और एक ऐसे प्रस्ताव को मंजूरी देने की अपील की, जिसमें अमेरिका सहित सभी सदस्य वेनेजुएला की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हों। हालांकि अमेरिका और उसकी वीटो शक्ति के कारण परिषद द्वारा इनमें से कोई भी कार्रवाई करने की संभावना नहीं है। अमेरिका ने कहा- ड्रग कार्टेल के खात्मे तक पीछे नहीं हटने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इस बैठक में न तो अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज और न ही उनके उप राजदूत शामिल हुए। ट्रंप प्रशासन के राजनीतिक सलाहकार जॉन केली ने इस बैठक में ट्रंप सरकार का पक्ष रखा और कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ कहा है कि वह इन ड्रग कार्टेल से निपटने और उन्हें जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए पूरी ताकत का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्टेल सशस्त्र, सुसंगठित और हिंसक हैं और अमेरिका ऐसी स्थिति में पहुंच गया है जहां हमें आत्मरक्षा और दूसरों की रक्षा के लिए बल प्रयोग करना होगा। केली ने जोर देकर कहा कि अमेरिका, मादुरो या उनकी सरकार को मान्यता नहीं देता है, और ट्रंप के इस दावे को दोहराया कि मादुरो एक नार्कोटेररिस्ट हैं। मादुरो और उनकी सरकार ने इस आरोपों का खंडन किया है।

## जिनपिंग के साथ बैठक रद्द करने की बात से पलटे ट्रंप, चीन के नए निर्यात प्रतिबंधों को बताया चौंकाने वाला

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिंगपिंग के साथ मुलाकात रद्द करने वाले बयान पर स्पष्टीकरण जारी किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी हालिया टिप्पणी, जिसमें उन्होंने शी जिनपिंग से मिलने का कोई कारण नहीं होने की बात कही थी, अब उस बयान पर सफाई दी है। ट्रंप ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ प्रस्तावित बैठक आधिकारिक तौर पर रद्द नहीं की है। चीन पर बोलते हुए ट्रंप ने व्हाइट हाउस में मीडिया से कहा, नहीं, मैंने रद्द नहीं किया है। हालांकि, मुझे यकीन नहीं है कि हम इसे हासिल कर पाएंगे या नहीं। मैं वहां जरूर जाऊंगा। मुझे लगता है कि हम इसे प्राप्त कर पाएंगे। हालांकि, उन्होंने दुनिया को एक झटका दिया। यह चौंकाने वाला था। अचानक, उन्होंने आयात-निर्यात की यह पूरी अवधारणा बना दी, और किसी को इसके बारे में कुछ भी पता नहीं था। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि बीजिंग ने दुर्लभ मृदा तत्वों पर व्यापक नए निर्यात नियंत्रण लगाकर बेहद शत्रुतापूर्ण कदम उठाए जाने के बाद, चीनी राष्ट्रपति से मुलाकात करने का कोई कारण नहीं है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि चीन ने दुर्लभ पृथ्वी तत्वों पर निर्यात नियंत्रण बढ़ाया है, जो एक अत्यंत आक्रामक रुख है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी थी कि अमेरिका कड़े जवाबी उपायों के साथ जवाब देने की तैयारी कर रहा है।

## अल-फाशर में तीन दिनों से हमला, 53 नागरिकों की मौत, 60 से अधिक घायल; यूएन ने मानवता को खतरे में बताया



**काहिरा, एजेंसी।** सूडान के पश्चिमी हिस्से में अल-फाशर कैम्प और आसपास के इलाकों में इस सप्ताह तीन दिनों में हुए संघर्षों में कम से कम 53 नागरिक मारे गए और 60 से अधिक घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टर्क ने यह जानकारी दी और चेतावनी दी कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

**ड्रोन और तोपखाने के हमलों में दर्जनों मरे :** टर्क ने बताया कि पैरामिलिट्री रैपिड सपोर्ट फोर्स द्वारा अबु शौक और दाराजा औला इलाकों में किए गए ड्रोन और तोपखाने के हमलों में 46 लोग मारे गए। इनमें से दर्जनों लोग एल-फाशर के एकमात्र कामकाजी अस्पताल पर हुए शेलिंग में मारे गए। शेलिंग के दौरान पास की मस्जिद भी निशाना बनी, जहां लोग शरण लिए हुए थे।

**भड़काऊ हमले और सामूहिक हत्याएं :** रैपिड सपोर्ट फोर्स की जमीनी कार्रवाई के दौरान कम से कम सात लोगों की जातिगत हत्या की गई। आरएसएफ और सूडानी सेना पर कथित युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध का आरोप लगा है और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय द्वारा जांच चल रही है। टर्क ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बार-बार अपील करने के बावजूद, उनके खिलाफ हमले जारी हैं। यह युद्ध कानून का उल्लंघन है और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। उन्होंने यूएन सदस्य देशों से तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया।

सूडान में अप्रैल 2023 से जारी है गृहयुद्ध सूडान में 2023 से आरएसएफ और सेना के बीच संघर्ष जारी है। डारफुर क्षेत्र इस लड़ाई का मुख्य केंद्र रहा है। युद्ध में अब तक 40,000 से अधिक लोगों की मौत हुई है, 14 मिलियन लोग विस्थापित हुए हैं और कई हिस्सों में, विशेषकर डारफुर में, अकाल की घोषणा की गई है। एल-फाशर, उत्तर डारफुर की राजधानी, पिछले एक साल से घेराबंदी में है। यूएन और अन्य सहायता समूहों का कहना है कि शहर में 2.6 लाख नागरिक फंसे हुए हैं।

## रूस ने लौटाए आठ यूक्रेनी बच्चे, रंग लाई मेलानिया की कोशिश; पुतिन से तीन माह की वार्ता का नतीजा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप ने एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल अगस्त में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को लिखे गए उनके पत्र के बाद से दोनों के बीच यूक्रेनी बच्चों की सुरक्षा और पुनर्मिलन को लेकर लगातार संवाद चल रहा है। मेलानिया के मुताबिक, दोनों देशों की सरकारें बच्चों की सुरक्षित वापसी के लिए सद्भावना के साथ काम कर रही हैं। मेलानिया ट्रंप ने अपने बयान में कहा एक बच्चे की आत्मा किसी सीमा या झंडे को नहीं जानती। पिछले साल जब मैंने राष्ट्रपति पुतिन को पत्र लिखा, उन्होंने व्यक्तिगत रूप से जवाब दिया और रूस में रह रहे यूक्रेनी बच्चों के बारे में जानकारी साझा की। तब से हमारे बीच इन बच्चों की भलाई को लेकर लगातार बातचीत हो रही है। 24 घंटे में 8 यूक्रेनी बच्चों को उनके परिवारों से मिलाया उन्होंने बताया कि पिछले तीन महीनों में दोनों पक्षों के बीच कई बैक-चैनल मीटिंग्स और फोन कॉल्स हुई हैं, जिनमें बच्चों को उनके परिवारों से मिलाने पर सहमति बनी। मेलानिया ने कहा पिछले 24 घंटे में 8 यूक्रेनी बच्चों को सफलतापूर्वक उनके परिवारों से मिलाया गया है। फर्स्ट लेडी के इस बयान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है। यह पहली बार है जब उन्होंने खुलकर स्वीकार किया कि वे पुतिन के साथ मानवीय मुद्दे पर सीधे संवाद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रयास राजनीति से परे है और केवल मानवता एवं बच्चों के भविष्य से जुड़ा है। मेलानिया ट्रंप ने आगे कहा कि आने वाले हफ्तों में और बच्चों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए रूस और यूक्रेन के अधिकारियों के साथ सहयोग जारी रहेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पहल से युद्ध के बीच फंसे अन्य परिवारों को भी राहत मिलेगी।

# पेरू में बोलुआर्ते की जगह जोस जेरी बने अंतरिम राष्ट्रपति; 10 साल में सातवें राष्ट्रपति ने संभाला पदभार

**लीमा, एजेंसी।** पेरू में शुक्रवार को 38 वर्षीय जोस जेरी ने सातवें राष्ट्रपति के तौर पर पदभार संभाला। यह तब हुआ जब कांग्रेस ने राष्ट्रपति डिना बोलुआर्ते को हटा दिया। जुलाई में कांग्रेस अध्यक्ष बने जेरी ने शपथ लेने के बाद कहा कि वे देश में मेल-जोल बढ़ाएंगे, अपराध कम करेंगे और अगले अप्रैल में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में निष्पक्षता सुनिश्चित करेंगे।

कांग्रेस ने गुरुवार देर रात डिना बोलुआर्ते के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने बोलुआर्ते को अपने सामने उपस्थित होने के लिए बुलाया, लेकिन जब वे नहीं आईं, तो कांग्रेस ने तुरंत उन्हें पद से हटा दिया। कुल 124 सांसदों ने उनके खिलाफ मतदान किया। यह उनके खिलाफ नौवीं महाभियोग कोशिश



थी। बोलुआर्ते की हटाई गई राष्ट्रपति पद डिना बोलुआर्ते पेरू की पहली महिला राष्ट्रपति थीं। उन्होंने दिसंबर 2022 में पद संभाला था। उनके कार्यकाल में बढ़ते अपराध और लगातार प्रदर्शन उनके लिए चुनौती बने रहे। उन्होंने कुछ हिस्सों में देश में अवैध प्रवासियों को अपराध का कारण बताया। जनवरी से अगस्त 2025 तक 6,041 लोग मारे गए और उगाही की शिकायतों में 28% वृद्धि हुई। राष्ट्रपति पद से हटाए जाने के बाद कोई उप-राष्ट्रपति नहीं था, इसलिए कांग्रेस के अध्यक्ष जोस जेरी को अंतरिम राष्ट्रपति बनाया गया। जेरी की राष्ट्रपति बनने की कहानी जोस जेरी 2021 में कांग्रेस में आए और पूर्व राष्ट्रपति मार्टिन विजकार्रा की सीट पर बैठे। जुलाई में वे कांग्रेस अध्यक्ष बने और उनके समर्थन से ही बोलुआर्ते सत्ता में आई थीं। हालांकि, उनके खिलाफ इस साल बलात्कार के आरोपों की जांच हुई, जो बाद में बिना निष्कर्ष के बंद कर दी गई। अपराध और विरोध प्रदर्शनों की चुनौती बोलुआर्ते के पहले तीन महीनों में 500 से अधिक प्रदर्शन हुए। उनकी प्रशासनिक अक्षमता और अपराध नियंत्रण में असफलता उनके हटाए जाने का मुख्य कारण बनी। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि जनवरी से अगस्त 2025 तक 6,041 लोग मारे गए, जबकि आपराधिक शिकायतों में 28% की वृद्धि दर्ज हुई। बोलुआर्ते ने हाल ही में यह स्थिति अवैध प्रवासियों और पिछले प्रशासन की विफलताओं से जोड़कर बयान दिया था। जोस जेरी अब बोलुआर्ते का कार्यकाल पूरा करेंगे और अगले अप्रैल 2026 में चुनाव होंगे। उनका उद्देश्य देश में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और अंतरिम अवधि में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करना है।

# अमेरिकी सैन्य विस्फोटक फैक्ट्री में भीषण धमाका, 19 लोग लापता; सभी के मारे जाने की आशंका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के टेनेसी राज्य में एक सैन्य म्यूनिशन (विस्फोटक) फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। इस हादसे में 19 लोग लापता हैं और उनके मृत होने की आशंका जताई जा रही है। हंफ्री काउंटी के शेरिफ क्रिस डेविस ने बताया कि यह अब तक का सबसे भयावह दृश्य था जो उन्होंने अपने करियर में देखा है। उन्होंने कहा हमारी टीम लगातार बचाव कार्य में जुटी है और लापता लोगों के परिवारों से बात कर रही है। यह एक बेहद दुखद और विनाशकारी घटना है।

**विस्फोट के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं :** शेरिफ ने बताया



कि फिलहाल मलबे के नीचे से किसी भी शव की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन धमाके की तीव्रता को देखते हुए अधिकारियों को कई लोगों की मौत की आशंका है। विस्फोट के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। शुरुआती जांच के अनुसार, हादसा फैक्ट्री में विस्फोटक सामग्री के अनुचित भंडारण या तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ हो सकता है। मीलों दूर तक महसूस हुआ धमाका स्थानीय प्रशासन ने बताया कि धमाके की आवाज और झटका कई मील दूर तक महसूस किया गया। घटनास्थल पर दमकलकर्मी और बचाव टीमें लगातार काम कर रही हैं। आसपास के इलाकों को सुरक्षा कारणों से खाली करा लिया गया है। एक अधिकारी ने कहा यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि एक त्रासदी है जिसने पूरे समुदाय को झकझोर दिया है। हमारी प्राथमिकता सभी लापता लोगों को ढूंढने और उनके परिवारों तक सुरक्षित पहुंचाने की है। शेरिफ क्रिस डेविस ने बताया कि विस्फोट का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। जांच एजेंसियां मौके पर हैं और पूरी जांच में कई दिन लग सकते हैं। हंफ्री काउंटी इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी की प्रवक्ता ग्रे कॉलियर ने बताया कि अब आगे किसी अन्य विस्फोट का खतरा नहीं है।

## लेकॉर्नू दोबारा बने फ्रांस के प्रधानमंत्री, मैक्रों ने दिया एक और मौका; राजनीतिक गतिरोध तोड़ने की है चुनौती

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सेबस्टियन लेकोर्नू को फिर से प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया। लेकोर्नू ने हाल ही में इस्तीफा दिया था, लेकिन राष्ट्रपति ने उन्हें फिर से सरकार बनाने और बजट तैयार करने की चुनौती दी है। यह कदम देश में बढ़ते राजनीतिक और आर्थिक संकट को संभालने की कोशिश माना जा रहा है।

**लेकोर्नू की पुनः** नियुक्ति कई दिनों की कड़ी बातचीत के बाद हुई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने कर्तव्य की भावना से यह जिम्मेदारी स्वीकार की है। उनका मिशन है कि वर्ष के अंत तक फ्रांस को बजट उपलब्ध कराना और आम नागरिकों की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान करना।

बता दें कि सेबेस्टियन लेकोर्नु ने सोमवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद मैक्रों के राष्ट्रपति पद छोड़ने और संसद भंग करने की मांग उठने लगी थी, लेकिन मैक्रों ने पद छोड़ने से इनकार कर दिया और नया प्रधानमंत्री नियुक्त करने का एलान कर दिया था।

**सरकार में बदलाव और शर्तें :** लेकोर्नू ने यह भी कहा कि उनकी नई कैबिनेट में शामिल सभी सदस्यों को 2027 में राष्ट्रपति पद के लिए अपनी महत्वाकांक्षा छोड़नी होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि नई सरकार नवीनीकरण और कौशल की विविधता को दर्शाएगी।

**मैक्रों का दूसरा कार्यकाल चुनौतीपूर्ण :** मैक्रों का दूसरा कार्यकाल 2027 तक है, लेकिन



उन्हें राष्ट्रीय विधानसभा में बहुमत न होने के कारण कई फैसलों को लागू करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस पुनर्नियुक्ति को राष्ट्रपति के लिए अपने कार्यकाल को मजबूती देने का आखिरी मौका माना जा रहा है।

**फ्रांस का कर्ज कुल जीडीपी का 114 प्रतिशत :** बीते एक साल से फ्रांस में राजनीतिक गतिरोध जारी है और यह ऐसे समय हो रहा है, जब यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बुरे दौर से गुजर रही है। फ्रांस में ऋण संकट बढ़ रहा है। साल 2025 की पहली तिमाही में फ्रांस का कुल कर्ज 3.9 खरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो सकल घरेलू उत्पाद का 114 प्रतिशत रहा। राष्ट्रीय सांख्यिकी संस्थान के आंकड़ों के अनुसार, फ्रांस की गरीबी दर भी 2023 में 15.4 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 1996 के बाद सबसे ज्यादा है।

माना जा रहा है कि इमैनुएल मैक्रों को अब पेंशन सुधार के अपने कदम से पीछे हटना पड़ सकता है। मैक्रों के इस कदम की भारी आलोचना और विरोध भी हो रहा है। मैक्रों ने इस बेहद अलोकप्रिय उपाय के लिए कड़ा संघर्ष किया, जिसे व्यापक विरोध के बावजूद 2023 में कानून बना दिया गया।

# विशाल सैन्य परेड और सबसे शक्तिशाली हथियारों का जखीरा, किम जोंग-उन ने फिर दुनिया को चौंकाया

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग-उन के नेतृत्व में सत्तारूढ़ दल ने अपनी स्थापना का 80वां वर्षगांठ का जश्न मनाया। किम जोंग और विदेशी नेताओं की मौजूदगी में आयोजित विशाल सैन्य परेड में उत्तर कोरिया ने एक बार फिर दुनिया को चौंका दिया। इस दौरान किम जोंग ने अपनी परमाणु-सशस्त्र सेना के सबसे शक्तिशाली हथियारों का प्रदर्शन किया, जिसमें एक नई अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल भी शामिल है। जिसका परीक्षण वह आने वाले हफ्तों में करने की तैयारी कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक शुक्रवार रात बारिश में शुरू हुई और सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की स्थापना की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित परेड ने किम की बढ़ती कूटनीतिक पकड़ और एक ऐसा शस्त्रागार बनाने के प्रयास को उजागर किया, जो अमेरिका और एशिया में उनके प्रतिद्वंद्वियों को प्रभावी ढंग से निशाना बना सके।

**सैन्य परेड में हथियारों का जखीरा :** उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि परेड में ह्वासोंग-20 नामक एक नई, अभी तक परीक्षण ना की गई अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का प्रदर्शन किया गया, जिसे सबसे शक्तिशाली परमाणु रणनीतिक हथियार प्रणाली बताया गया। प्रदर्शन में शामिल अन्य हथियारों में कम दूरी की बैलिस्टिक, क्रूज और सुपरसोनिक मिसाइलें शामिल थीं, जिन्हें उत्तर कोरिया ने पहले प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया में लक्ष्यों पर परमाणु हमला करने में सक्षम बताया था।

**अमेरिका का नहीं किया सीधा जिक्र :** उत्तर कोरिया की आधिकारिक केसीएनए समाचार एजेंसी के अनुसार, परेड में दिए गए भाषण में किम ने कहा कि उनकी सेना को एक अजेय शक्ति के रूप में विकसित होते रहना चाहिए जो सभी खतरों



को खत्म कर दे, लेकिन उन्होंने वाशिंगटन या सियोल का कोई सीधा जिक्र नहीं किया।

**रूस भेजी गई सैन्य टुकड़ी का प्रदर्शन :** रूस की ᱹअस्ससमाचार एजेंसी की तस्वीरों और वीडियो में हजारों दर्शकों को किम जोंग उन के राष्ट्र-संस्थापक दादा के नाम पर जगमगाते किम इल सुंग स्क्वायर पर मिसाइल लगे वाहनों के गुजरते हुए दिखाया गया है। केसीएनए के मुताबिक परेड के दौरान मार्च करने वाले सैनिकों की टुकड़ियों में अजेय विदेशी संचालन इकाई शामिल थी, जिसने कोरियाई लोगों के जज्बे का पूरी तरह से प्रदर्शन किया, जिससे पता चलता है कि वे सैनिक थे, जिन्हें किम ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध प्रयास में शामिल होने के लिए रूस भेजा था।

बता दें कि यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से किम ने रूस को अपनी विदेश नीति की प्राथमिकता बना लिया है, पुतिन की युद्धक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हजारों सैनिक और तोपखाने सहित बैलिस्टिक मिसाइलों व हथियारों की बड़ी खेप भेज रहे हैं। किम ने पिछले महीने चीन का भी दौरा किया था और एक विशाल सैन्य परेड में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पुतिन के साथ मुख्य मंच साझा किया था, जो उनकी कूटनीतिक पकड़ को मजबूत करने के उद्देश्य से एक और कदम था।

# फॉलोऑन खेलते हुए वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 173 रन बनाये

**–कैम्पबेल और होप ने अर्धशतक लगाकर पारी संभाली**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने मेहमान टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भी अपना शिकंजा कस दिया है। दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज की टीम ने फॉलोआन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 173 रनों के अंदर ही दो विकेट गंवा दिये। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय जॉन कैम्पबेल 87 रन पर जबकि शे होप 66 रन बनाकर खेल रहे थे। इस मैच में मेहमान टीम अब भी 97 रन से पीछे है। भारतीय टीम ने पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन पर घोषित की थी। वहीं वेस्टइंडीज टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 248 रनों पर ही सिमट गयी थी। इससे भारतीय टीम को पहली पारी के आधार पर 270 रन की बढ़त मिल गयी थी।

दूसरी पारी में वेस्टइंडीज टीम शुरुआती झटकों के बाद संभली। शाई होप और जॉन कैंपबेल ने भारतीय गेंदबाजों का अच्छी तरह से सामना किया।

वहीं इससे पहले स्पिनर कुलदीप यादव के पांच विकेट से भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज की पहली पारी को 248 के स्कोर पर समेट दिया। कुलदीप यादव के अलावा रवींद्र जडेजा को 3 और बुमराह-सिराज को 1-1 विकेट मिला। वेस्टइंडीज ने टी ब्रेक तक 2 विकेट खो दिए। वेस्टइंडीज ने तीसरे सत्र में अच्छा खेल दिखाया। कैम्पबेल ने अर्धशतक लगाया। यह इस सीरीज में किसी भी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज का पहला अर्धशतक था। वहीं इससे पहले भारत ने पहली पारी में यशस्वी जायसवाल 175 और शुभमन गिल के नाबाद शतक 129 रनों की सहायता से अपनी पहली पारी में 518 रन बनाए थे।



# स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास, बेलिंडा क्लार्क का 26 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा




**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को महिला क्रिकेट इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप मैच के दौरान एक कैलेंडर वर्ष में 1000 वनडे रन पूरे करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनकर नया रिकॉर्ड बनाया।

### छक्के से पूरा किया ऐतिहासिक मील का पत्थर

मंधाना को इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए 18 रनों की आवश्यकता थी, जिसे उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज सोफी मोलिनक्स की गेंद पर शानदार छक्का लगाकर हासिल किया। उनका यह उपलब्धि हासिल करना न सिर्फ भारतीय क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण था, बल्कि महिला क्रिकेट के इतिहास में भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन

स्मृति मंधाना ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 1997 में बेलिंडा क्लार्क के बनाए 970 रनों का रिकॉर्ड तोड़ा था। मंधाना ने पारी के आठवें ओवर में अयाबोंगा खाका की गेंद पर छक्का जड़कर क्लार्क का रिकॉर्ड ध्वस्त किया। अब वह 1000 रन के आंकड़े को पार कर चुकी हैं।

### लगातार तीसरा वनडे विश्व कप

29 वर्षीय स्मृति मंधाना अपना तीसरा वनडे विश्व कप खेल रही हैं। वह 2017 विश्व कप में उपविजेता रही भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं। अब मंधाना वनडे में 5000 रन पूरे करने के करीब हैं। यह मुकाम हासिल करने पर वह यह उपलब्धि प्राप्त करने वाली दूसरी भारतीय और कुल पाँचवीं महिला बल्लेबाज़ बन जाएंगी।

### विश्व कप में मिला-जुला प्रदर्शन

हालाँकि रिकॉर्ड्स के बावजूद, मंधाना का मौजूदा विश्व कप में प्रदर्शन थोड़ा अस्थिर रहा है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 8, पाकिस्तान के खिलाफ 23, और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 23 रन बनाए। भारत ने शुरुआती दो मैच जीते, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शीर्ष क्रम के फ्लॉप होने से टीम को 3 विकेट से हार झेलनी पड़ी।

# अरशद नदीम के कोच सलमान इकबाल पर लगा आजीवन प्रतिबंध

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम के लंबे समय से कोच रहे सलमान इकबाल पर पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स महासंघ (PAAF) ने रविवार को आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। उन पर पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करने का आरोप है। प्रतिबंध के तहत, सलमान इकबाल अब किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि, कोचिंग या संगठनात्मक भूमिका में भाग नहीं ले सकेंगे।

### पंजाब एथलेटिक्स संघ के चुनाव विवाद से जुड़ा मामला

महासंघ ने आरोप लगाया कि इकबाल ने अगस्त में पंजाब एथलेटिक्स संघ के चुनाव कराकर नियमों का उल्लंघन किया। सितंबर के मध्य में गठित एक जांच समिति ने रिपोर्ट सौंपी और 10 अक्टूबर को इकबाल पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी।

### अरशद नदीम के प्रदर्शन पर उठे सवालों के बाद बढ़ा विवाद

यह फैसला उस विवाद के तुरंत बाद आया जब पाकिस्तान खेल बोर्ड (क्क्क) ने इकबाल से टोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अरशद नदीम के खराब




प्रदर्शन पर स्पष्टीकरण मांगा था। क्क्क ने यह भी पूछा था कि एथलीट के प्रशिक्षण और यात्रा पर खर्च कैसे किया गया। इकबाल ने अपने जवाब में खुलासा किया कि पिछले एक वर्ष से PAAF ने अरशद नदीम से जुड़े किसी भी मामले में भाग नहीं लिया, और उन्हें दक्षिण अफ्रीका में प्रशिक्षण और पिंडली की चोट से उबरने के लिए निजी आर्थिक मदद का सहारा लेना पड़ा।

### कोच और संघ के बीच गहराता टकराव

सलमान इकबाल कई वर्षों से अरशद नदीम के मुख्य कोच और मेंटर रहे हैं और उन्होंने पाकिस्तान के लिए कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एथलीट को तैयार किया। हालांकि अब इस निर्णय के बाद पाकिस्तान के सबसे सफल एथलीटों में से एक नदीम का कोचिंग भविष्य असमंजस में पड़ गया है।

# ऑल फॉर्मेट के बादशाह : धोनी, कोहली, रोहित और बुमराह का धमाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम में कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने चाहे टेस्ट हो, वनडे हो या टी20 तीनों फॉर्मेट में अपनी छाप छोड़ी है और सभी फॉर्मेट में कम से कम 50 मैच खेलने का गौरव हासिल किया है। एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा ऐसे नाम हैं जो इस सूची में सबसे ऊपर रहते हैं, और अब जसप्रीत बुमराह भी इस खास क्लब में शामिल हो गए हैं। बुमराह वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने 50वें टेस्ट मैच में खेल रहे हैं, जिससे वह सभी फॉर्मेट में कम से कम 50 मैच खेलने वाले सातवें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। जसप्रीत बुमराह वनडे में 89 और टी20 में 75 मैच खेल चुके हैं। वे अपना 50वां टेस्ट दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेल रहे है। इससे पहले, एमएस धोनी इस लिस्ट में पहले शामिल हुए थे। धोनी ने अपने इंटरनेशनल करियर में 90 टेस्ट,





350 वनडे और 98 टी20 मैच खेले थे। उन्होंने 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन उनके योगदान को भारतीय क्रिकेट में हमेशा याद किया जाएगा।

विराट कोहली और रोहित शर्मा भी इस सूची में दिग्गजों के रूप में शामिल हैं। विराट कोहली ने 123 टेस्ट, 302 वनडे और 125 टी20 मैच खेले हैं, जबकि रोहित शर्मा ने 67 टेस्ट, 273 वनडे और 159 टी20 मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया। दोनों खिलाड़ियों ने टेस्ट और टी20 क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया है, लेकिन वनडे फॉर्मेट में वे अब भी सक्रिय हैं। रवींद्र जडेजा और आर अश्विन की जोड़ी भी सभी फॉर्मेट में कम से कम 50 मैच खेलने वाले भारतीय खिलाड़ियों में शामिल है। अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया है और उन्होंने 106 टेस्ट, 116 वनडे और 65 टी20 मैच खेले। वहीं जडेजा अब भी वनडे और टेस्ट में सक्रिय हैं और उन्होंने 86 टेस्ट, 204 वनडे और 74 टी20 मैच खेलकर टीम इंडिया को सेवा दी है।

केएल राहुल इस क्लब में छठे भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने अब तक 64 टेस्ट, 85 वनडे और 72 टी20 मैच खेले हैं और लगातार भारत के लिए योगदान दे रहे हैं। इस सूची से स्पष्ट है कि एमएस धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन और केएल राहुल जैसे खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट के हर फॉर्मेट में अपनी शानदार छवि बनाए हुए हैं। इनके अनुभव और प्रदर्शन ने टीम इंडिया को विश्व क्रिकेट में एक अलग पहचान दिलाई है और ये खिलाड़ी आने वाले वर्षों में भी युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बने रहेंगे।

# न्यूजीलैंड से मिली हार को नहीं भूलना चाहते हैं गंभीर



नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपने आक्रामक अंदाज के लिए जाने जाते हैं।गंभीर के कोच बनने के बाद से ही टीम को शुरुआत में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करारी हार मिली थीं।जिसके बाद वह आलोचना का शिकार हुए थे।इसके बाद गंभीर टीम को चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जिताने में सफल हुए हैं पर वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी ही धरती पर मिली हुई हार को नहीं भूल पा रहे।तब भारतीय टीम को टेस्ट सीरीज में अपनी ही धरती पर 0–3 से हार का सामना करना पड़ा था।ये पहला अवसर था जब न्यूजीलैंड की टीम भारत की धरती पर टेस्ट सीरीज जीती थी।इस हार के कारण ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल की दौड़ से भी बाहर हो गयी थी।आकाश चोपड़ा से बातचीत के दौरान गंभीर ने कहा है कि कोचिंग करियर में मिले इस झटक से वह कभी नहीं उबर पायेंगे।साथ ही कहा कि वह इस प्रकार की हार को भूलना भी नहीं चाहते।यही बात उन्होंने टीम से भी कही है।गंभीर ने कहा कि कभी–कभी अतीत को याद रखना भी जरूरी होता है।अगर ऐसा नहीं होता है तो आप चीजों को हल्के में लेने लगते हैं.आपको कभी भी किसी चीज को हल्के में नहीं लगते हैं।सभी सोचते थे कि हम न्यूजीलैंड को आसान से हरा सकते हैं।'

# वाशेरोट ने अपने चचेरे भाई रिंडरनेच को हराकर शंघाई मास्टर्स खिताब जीता

शांघाई ।वैलेंटिन वाशेरोट ने क्वालीफाइंग दौर से मुख्य दौर में जगह बनाने के बाद रविवार को अपने चचेरे भाई आर्थर रिंडरनेच को 4–6, 6–3, 6–3 से हराकर शंघाई मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया।



विश्व रैंकिंग में 204वें स्थान पर काबिज 26 साल के वाशेरोट एटीपी मास्टर्स 1000 के इतिहास में सबसे कम रैंकिंग वाले विजेता है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर का खिताब जीतने वाले मोनाको के पहले खिलाड़ी भी है।वाशेरोट ने सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराया था जबकि रिंडरनेच ने चार ग्रैंडस्लैम का फाइनल खेलने वाले दानिल मेदवेदेव को शिकस्त दी थी।

# रोहित शर्मा के ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर रहेंगी सबकी निगाहें

नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट के हिटमैन रोहित शर्मा पर एक बार फिर पूरी क्रिकेट दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं।टीम इंडिया की कप्तानी छिनने के बावजूद उन्होंने अपने खेल और फिटनेस पर पूरा ध्यान केंद्रित किया है।सूत्रों के मुताबिक, रोहित ने पिछले कुछ महीनों में करीब 15 किलो वजन घटाया है और अब पहले से कहीं अधिक फिट और फुर्तीले नजर आ रहे हैं।उनकी यह नई ऊर्जा और समर्पण बताती है कि वह अब भी मैदान पर कुछ साबित करने के इरादे से उतरने वाले हैं।आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरा रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह श्रृंखला उनके लिए 'करो या मरो' जैसी साबित हो सकती है।यदि रोहित वहां शानदार प्रदर्शन करते हैं, तो चयनकर्ताओं के लिए उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल होगा।वहीं, कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि इस दौरे के बाद रोहित अपने अंतरराष्ट्रीय करियर से संन्यास ले सकते हैं।



हालांकि, उनके अनुभव, बल्लेबाजी की समझ और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए क्रिकेट विशेषज्ञ अब भी मानते हैं कि रोहित के पास टीम इंडिया को देने के लिए बहुत कुछ बाकी है। टी20 प्रारूप में भी रोहित शर्मा को एक भरोसेमंद खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है। उनका शांत स्वभाव, मैच सिचुएशन को समझने की क्षमता और टीम को संतुलित रखने की कला उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाती है।कप्तानी भले ही उनसे चली गई हो, लेकिन उनकी उपस्थिति टीम के लिए अब भी प्रेरणादायक मानी जाती है।फिटनेस पर ध्यान देकर उन्होंने यह संदेश दिया है कि उम्र या पद नहीं, बल्कि मेहनत और अनुशासन ही किसी खिलाड़ी को महान बनाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिम्बाब्वे के स्टार ऑलराउंडर सिकंदर रजा द्वारा चुनी गई एक विशेष टीम में भी रोहित शर्मा को शामिल किया गया है।इस चयन ने यह दिखा दिया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी और विश्लेषक अब भी रोहित के अनुभव, नेतृत्व और मैच जिताने की क्षमता को ऊंचा दर्जा देते हैं।यही वजह है कि भारतीय फैंस के बीच भी यह चर्चा जोरों पर है कि क्या रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया में अपने बल्ले से एक बार फिर इतिहास रचेंगे।रोहित का यह नया रूप फिट, केंद्रित और दृढ़ यह साबित करता है कि वह अब भी क्रिकेट के सबसे ऊर्जावान खिलाड़ियों में से एक हैं।ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर उनका प्रदर्शन यह तय करेगा कि आने वाले वर्षों में भारतीय क्रिकेट में उनकी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण बनी रहती है।

# आईपीएल 2026 की नीलामी दिसंबर में, भारत में आयोजन की बढ़ी संभावना


**–रिटेंशन की समय सीमा 15 नवंबर तय**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 की नीलामी दिसंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में होने की संभावना जताई जा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 13 से 15 दिसंबर के बीच यह आयोजन हो सकता है। एक खबर के अनुसार फ्रेंचाइजी अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने बीसीसीआई से बातचीत की है और चर्चा इन्हीं तारीखों पर केंद्रित है। हालांकि, अभी तक लीग की गवर्निंग काउंसिल ने अंतिम कार्यक्रम तय नहीं किया है। इस बार नीलामी भारत में ही आयोजित होने की संभावना अधिक है, जबकि पिछले दो वर्षों में यह विदेश में हुई थी। पहले दुबई में (2023) और फिर सऊदी अरब के जेद्दा में (2024)। फ्रेंचाइजियों का मानना है कि अगर इस बार मिनी नीलामी भारत में होती है, तो यह कोई चौंकाने वाली बात नहीं होगी।

हालांकि, इस संबंध में अंतिम फैसला अभी नहीं लिया गया है। रिटेंशन की समय सीमा 15 नवंबर तय की गई है, यानी तब तक सभी टीमों को यह बताना होगा कि वे किन खिलाड़ियों को बनाए रख रही हैं और किन्हें रिलीज करने की योजना है। पिछले सीजन में सबसे निचले पायदान पर रही चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स में कुछ बड़े बदलाव संभव हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, रिलीज लिस्ट में दीपक हुड्डा, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, सैम करन और सीएसके के डेवोन कॉनवे जैसे खिलाड़ियों के नाम शामिल हो सकते हैं। आर. अश्विन के आईपीएल से संन्यास लेने के बाद पांच बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपर किंग्स के पास पहले ही 9.75 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जुड़ चुकी है। वहीं, राजस्थान रॉयल्स में संजू सैमसन की स्थिति पर भी नजर है, हालांकि उनके कप्तान पद को लेकर फिलहाल कोई निर्णय नहीं हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक, रॉयल्स द्वारा श्रीलंकाई स्पिनरों वानिंदु हसरंगा और महेश तीक्षाना को रिलीज करने की योजना पर विचार चल रहा था, लेकिन मुख्य कोच कुमार संगकारा की वापसी के बाद इसमें बदलाव की संभावना है। इसके अलावा, टी नटराजन, मिशेल स्टार्क, आकाशदीप, मयंक यादव और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों को भी नई टीमों की तलाश करनी पड़ सकती है। इस बीच, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन नीलामी में सबसे चर्चित नामों में से एक माने जा रहे हैं। चोट के कारण पिछली नीलामी से बाहर रहे ग्रीन इस बार कई फ्रेंचाइजियों के रडार पर हैं। माना जा रहा है कि इस मिनी नीलामी में उन पर भारी बोली लग सकती है।




# रोनाल्डो गोल करने से चूके लेकिन पुर्तगाल ने आयरलैंड को 1–0 से हराया




लंदन ।दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पेनल्टी किक पर गोल करने से चूक गए लेकिन आखिरी क्षणों में रुबेन नेवेस के गोल की बदौलत पुर्तगाल ने विश्व कप क्वालीफाइंग के यूरोपीय चरण में शनिवार को यहां आयरलैंड को 1–0 से हराकर ग्रुप एफ की तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली। रोनाल्डो मैच के 75वें मिनट में पेनल्टी पर चूक गए लेकिन नेवेस ने (90+1 मिनट) में गोल कर टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाई।इस जीत के साथ ही टीम ने ग्रुप तालिका में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हंगरी पर पांच अंक की बढ़त कायम कर ली है।ग्रुप के दूसरे मैच में हंगरी ने डेनियल लुकाक्स और ज़ोम्बोर ग्रुबर के गोल की मदद से आर्मेनिया को 2–0 से हराया।स्पेन ने ग्रुप ई के मैच में जॉर्जिया को 2–0 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बार्सिलोना के चोटिल प्रतिभाशाली खिलाड़ी लामिन यामल की गैरमौजूदगी में येरेमी पिनो और मिकेल ओयारजाबल के गोल से यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने जीत दर्ज की।ग्रुप के अन्य मैच में तुर्की ने बुल्गारिया को 6–1 से हराया।नॉर्वे ने ग्रुप आई में एर्लिंग हालैंड की हैट्रिक से इस एकतरफा मैच को 5–0 से अपने नाम किया।हालैंड के नाम अब नॉर्वे के लिए 46 मैचों में 51 गोल हो गए है।टीम की यह छह मैचों में छठी जीत है और वह ग्रुप तालिका में इटली से छह अंक आगे 18 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है।इटली ने एस्टोनिया को 3–1 से हराया।

# जोहर कप 2025: भारत ने न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर जारी रखा अजेय अभियान

**जोहर बहारू (मलेशिया) (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सुल्तान जोहोर कप के दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इससे पहले भारत ने टूर्नामेंट के पहले मैच में ब्रिटेन को 3-2 से मात दी थी।

भारत ने मैच की शुरुआत जबरदस्त दबाव के साथ की। पहले क्वार्टर के दूसरे मिनट में अर्शदीप सिंह ने तेज़ी से दाईं ओर दौड़ लगाकर गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। क्वार्टर के अंत में कप्तान रोहित की पासिंग पर पीबी सुनील ने पेनल्टी कॉर्नर का शानदार वैरिएशन गोल में बदलकर स्कोर 2-0 किया।

दूसरे क्वार्टर में अरिजीत सिंह हुंडल ने सर्कल के अंदर तेजी से घूमकर तीसरा गोल दागा और भारत की बढ़त 3-0 हो गई। तीसरे




क्वार्टर में न्यूजीलैंड ने गस नेल्सन के गोल से 3-1 किया और वापसी की कोशिश की।

चौथे क्वार्टर में आर कुमुर ने पेनल्टी कॉर्नर का उपयोग करते हुए 4-1 का स्कोर बनाया। मैच के अंतिम मिनट में ऐडन मैक्स ने न्यूजीलैंड के लिए दूसरा गोल दागा, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने मजबूत खेल दिखाकर मैच को काबू में रखा।

अर्शदीप सिंह की तेज़ और चुस्त शुरुआत भारत के लिए महत्वपूर्ण रही। पीबी सुनील और आर कुमुर की पेनल्टी कॉर्नर क्षमता ने स्कोरिंग में मदद की। अरिजीत सिंह हुंडल की सर्कल में तेज़ी और समन्वय ने मैच पर भारतीय टीम का दबदबा बनाए रखा।

न्यूजीलैंड की टीम ने अंतिम कुछ मिनटों में वापसी की कोशिश की, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति और गोलकीपर की शानदार परफ़ॉर्मेंस ने जीत सुनिश्चित की।

भारत ने लगातार दो मैच जीतकर अजेय अभियान जारी रखा है और अब उसकी नजरें मंगलवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले पर हैं। टीम का मनोबल उच्च और रणनीति स्पष्ट दिख रही है, जिससे इसे टूर्नामेंट में लंबा रास्ता तय करने की उम्मीद है।

# जडेजा का लक्ष्य 2027 एकदिवसीय विश्वकप खेलना

नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने कहा है कि वह अभी संन्यास नहीं ले रहे और उनका लक्ष्य 2027 एकदिवसीय विश्वकप खेलना है।



वेस्टइंडीज़ के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में 3 विकेट लेने वाले जडेजा ने कहा, 'मैं 2027 विश्व कप खेलने के लिए तैयार हूं।' वहीं उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है।जिसके बाद से ही कहा जा रहा था कि अब वह इस प्रारुप के लिए चयन समिति के पसंदीदा नहीं रहे।वहीं ये भी कहा गय कि अब उन्हें केवल लंबे प्रारुप में ही जगह मिलेगी। वहीं जडेजा ने इन सभी संभावनाओं को सिरे से नकार दिया है।उन्होंने कहा, 'यह मेरे हाथ में नहीं है कि चयनकर्ता क्या सोचते हैं।उन्होंने मुझे ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर रहने का कारण बताया था पर मेरा ध्यान इस प्रारुप पर बना हुआ है। ।जब भी अवसर मिलेगा मैं अपनी ओर से अच्छा प्रदर्शन करुंगा। ' जडेजा ने यह भी कहा कि एकदिवसीय विश्वकप जीतना उनका लक्ष्य है। इससे पहले साल 2023 में टीम फाइनल में पहुंचकर भी ये खिताब नहीं जीत पायी थी। इसलिए उन्हें लगता है कि अभी 'कुछ अधूरा काम बाकी है।' उन्होंने कहा, 'अगली बार जब मौका मिलेगा, मैं पूरी तैयारी के साथ उतरूंगा।पिछली बार हम थोड़ा पीछे रह गए थे, इस बार जो अधूरा रह गया, उसे पूरा करना चाहूंगा।'

# कुलदीप यादव ने पांचवीं बार फाइफर किया अपने नाम, बने दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को टीम इंडिया ने मेहमान टीम को 248 रन पर आउट कर दिया। इस दौरान भारत के लिए बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव सबसे सफल गेंदबाज रहे। कुलदीप ने पांचवीं बार टेस्ट मैच की एक पारी में 5 विकेट लिए। इसके साथ ही उन्होंने स्पिनर के तौर पर टेस्ट में सबसे ज्यादा बार 5 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। उनके अलावा इंग्लैंड के जॉनी वार्डले ने 5 बार ऐसा किया है।

बता दें कि, कुलदीप यादव का रिकॉर्ड जॉनी वार्डले से काफी बेहतर है। उन्होंने इंग्लैंड के स्पिनर के मुकाबले आधे टेस्ट में ये कारनामा कर दिया। वार्डले ने 28 टेस्ट में 5 बार पंजा खोला। वहीं कुलदीप ने केवल 15 टेस्ट में ऐसा कर दिया। साउथ अफ्रीका के पॉल एडम्स तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 45 टेस्ट में 4 बार पारी में 5 विकेट झटके।

वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में कुलदीप ने 26.5 ओवर में 82 रन देकर 5 विकेट झटके। कुलदीप ने पहला विकेट दूसरे दिन शनिवार को लिया था। उन्होंने अलिक अथानाज को रविंद्र जडेजा के हाथों कैच कराया। उन्होंने 41 रन बनाए। कुलदीप ने तीसरे दिन पहले सत्र में साई होप 36 और टेविन इमलाच 21 को पवेलियन भेजा।

इसके बाद कुलदीप ने जस्टिन ग्रीव्स को पवेलियन भेजा। उन्होंने 17 रन बनाए। उन्होंने पांचवां विकेट जायडन सील्स के तौर पर लिया। उन्होंने 13 रन बनाए। कुलदीप यादव ने टेस्ट में 15 मैच की 27 पारियों में 21.09 के औसत और 3.52 की इकॉनमी से 65 विकेट लिए हैं। 40 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों में से आठ का मार्केट कैप 1.94 लाख करोड़ बढ़ा

## टीसीएस, भारती एयरटेल और रिलायंस में बढ़त, एचयूएल व एलआईसी को नुकसान

**मुंबई**

बीते सप्ताह शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिली, जिससे सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,94,148.73 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे बड़ी लाभ में रहने वाली कंपनी रही। सप्ताह भर में बीएसई सेंसेक्स 1,293.65 अंक की छलांग लगाकर बंद हुआ। इसी बढ़त का असर देश की प्रमुख कंपनियों के मार्केट कैप पर भी पड़ा। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 45,678.35 करोड़ बढ़कर 10,95,701.62 करोड़ पर पहुंच गया। इसके बाद इन्फोसिस को 28,125.29 करोड़ का लाभ हुआ, जिससे उसका मार्केट कैप 6,29,080.22 करोड़ हो गया। एचडीएफसी बैंक ने भी 25,135.62 करोड़ की बढ़त दर्ज की और उसका मूल्यांकन 15,07,025.19 करोड़ तक पहुंच गया। इसी तरह भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 25,089.27 करोड़ बढ़कर 11,05,980.35 करोड़ हो गया। अन्य लाभ में रहने वाली कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज (25,035.08 करोड़ की बढ़त), बजाज फाइनेंस (21,187.56 करोड़), भारतीय स्टेट बैंक (12,645.94 करोड़) और आईसीआईसीआई बैंक (11,251.62 करोड़) शामिल हैं। दूसरी ओर, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और भारतीय जीवन बीमा निगम की बाजार हैसियत में गिरावट दर्ज की गई। एचयूएल का मार्केट कैप 3,571.37 करोड़ घटकर 5,94,235.13 करोड़ रह गया, जबकि एलआईसी को 4,648.88 करोड़ की गिरावट के साथ 5,67,858.29 करोड़ पर संतोष करना पड़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज 18.70 लाख करोड़ के बाजार मूल्यांकन के साथ अब भी देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है, उसके बाद एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल का स्थान है।

# दिवाली पर मोमबत्ती का बिजनेस: कम निवेश में मुनाफे का सुनहरा मौका

**नई दिल्ली**



दिवाली की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और बाजार रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाने लगे हैं। अगर आप इस त्योहार पर अपना बिजनेस शुरू करने का सोच रहे हैं, तो मोमबत्ती (कैण्डल) का कारोबार आपके लिए बेहतरीन अवसर साबित हो सकता है। भले ही इलेक्ट्रिक लाइट्स की बिक्री बढ़ गई है, लेकिन दिवाली पर रंग-बिरंगी मोमबत्तियों की मांग अभी भी जबर्दस्त रहती है। महज 10,000 रुपये के शुरुआती निवेश से आप कैंडल मेकिंग बिजनेस शुरू कर सकते हैं और मोटा मुनाफा कमा सकते हैं। दिवाली पर घर के हर कोने को रोशन करने वाली मोमबत्तियों की मार्केट काफी बढ़ जाती है। त्योहारी सीजन में व्यापारी महज कुछ दिनों में अच्छी कमाई कर लेते हैं। कैंडल की मांग सिर्फ दिवाली तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जन्मदिन, पार्टियों और धार्मिक आयोजनों के लिए सालभर बनी रहती है। आज यह बिजनेस सिर्फ छोटी दुकानों तक सीमित नहीं है, बल्कि रिटेल, थोक और ऑनलाइन मार्केट में भी धड़ल्ले से बिक रहा है। छोटे स्तर पर इसे शुरू करने के लिए महज 10,000 से 15,000 रुपये निवेश की जरूरत होती है और आप इसे घर के किसी छोटे कोने से भी चला सकते हैं। इस बिजनेस में किसी महंगी मशीन की आवश्यकता नहीं होती। मोमबत्ती बनाने का मैटेरियल आसानी से मार्केट में उपलब्ध है। शुरुआत में आप सांचों का इस्तेमाल कर अलग-अलग डिज़ाइन की मोमबत्तियां बना सकते हैं। इसके लिए मोम, धागा, रंग और ईथर तेल की जरूरत होती है। सुगंधित मोमबत्तियां बनाने के लिए सेंट का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। इन सामग्रियों को स्थानीय बाजार या ऑनलाइन आसानी से खरीदा जा सकता है। जब बिजनेस बढ़ने लगे, तो आप ऑटोमैटिक मशीन खरीद सकते हैं। मैनुअल मशीन से प्रति घंटे 1800 मोमबत्तियां, जबकि फुली ऑटोमैटिक मशीन से प्रति मिनट 200 मोमबत्तियां तैयार की जा सकती हैं। सरकार द्वारा उपलब्ध लोन या अन्य छोटे कारोबार लोन के जरिए बिजनेस को और बढ़ाया जा सकता है।

# भारत को रोल्स-रोयस बनाएगी अपना होम मार्केट




**नई दिल्ली**

भारत में कंपनी रोल्स-रोयस अपने वैश्विक विस्तार की तैयारी कर रही है। भारत को कंपनी अपना होम मार्केट बनाने की योजना है। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब भारत और ब्रिटेन अगले जेनरेशन फाइटर जेट इंजन के संयुक्त विकास पर विचार कर रहे हैं। कंपनी के सीईओ तुफान एरगिनबिलजिक ने मुंबई में कहा कि रोल्स-रोयस भारत में अपने सहयोग और साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाना चाहती है और इसकी अत्याधुनिक तकनीक भारत की 'विकसित भारत' यात्रा में अहम योगदान देगी। भारत और ब्रिटेन के बीच नेक्स्ट-जेनरेशन फाइटर इंजन को-डेवलपमेंट प्रोग्राम पर बातचीत जारी है। अगर यह समझौता होता है, तो रोल्स-रोयस किसी भारतीय कंपनी के साथ मिलकर इस इंजन का निर्माण करेगी। कंपनी दुनिया की उन चुनिंदा संस्थाओं में है, जो फाइटर जेट इंजन डिज़ाइन और निर्माण करती हैं। यह साझेदारी भारत के रक्षा आत्मनिर्भरता मिशन को नई दिशा दे सकती है। कंपनी ने भारत में अपने ग्लोबल कैपेबिलिटी एंड इनोवेशन सेंटर का विस्तार किया है। यह सेंटर डिजिटल इंजीनियरिंग, डिजाइन और एंटरप्राइज सर्विसेज में नई तकनीक विकसित करेगा। आने वाले वर्षों में यह सेंटर रोल्स-रोयस का सबसे बड़ा ग्लोबल हब बनेगा, जो सिविल, डिफेंस और पावर सिस्टम बिजनेस को सपोर्ट करेगा। 2030 तक भारत से सप्लाई चेन सोर्सिंग दोगुना करने और स्थानीय टैलेंट डेवलपमेंट व मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को मजबूत करने की योजना है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि रोल्स-रोयस का भारत में विस्तार दोनों देशों के आर्थिक और तकनीकी संबंधों को नई ऊंचाई देगा।

# एसबीआई की नई पहल: महिला कर्मचारियों की हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य

**कामकाजी महिलाओं के लिए सुविधाएं, नेतृत्व विकास और समावेशी कार्यस्थल की दिशा में ठोस कदम**

देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति बनाई है। बैंक का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में अपने कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी को 27 फीसदी से बढ़ाकर 30 फीसदी करना है। एसबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों में महिला भागीदारी पहले से ही लगभग 33 फीसदी है, लेकिन कुल कार्यबल में यह केवल 27 फीसदी है। इस अंतर को पाटने के लिए बैंक ने कई कदम उठाए हैं। बैंक की एम्पावर हर पहल के माध्यम से महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

इसके तहत कोचिंग, मार्गदर्शन और नेतृत्व विकास सत्र आयोजित किए जाते हैं।

इसके अलावा, मातृत्व अवकाश या बीमारी के बाद लौटने वाली महिला कर्मचारियों के लिए पुनर्वास प्रशिक्षण और पारिवारिक संपर्क कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कामकाजी माताओं को क्रेश भत्ता, गर्भवती महिलाओं को पोषण भत्ता और स्तन व गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच जैसी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। बैंक ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का टीकाकरण अभियान भी शुरू किया है।

बैंक की 340 से अधिक शाखाएं केवल महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित की जा रही हैं, जो समावेशी कार्यस्थल की दिशा में एक मजबूत संकेत है।

# भारत बना दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश

## 125 जीडब्ल्यू सौर क्षमता के साथ जापान को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली**



भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के अनुसार भारत अब 125 गीगावाट (जीडब्ल्यू) स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। इस उपलब्धि के साथ भारत ने जापान (96 जीडब्ल्यू) को पीछे छोड़ दिया है। अगस्त 2025 के अंत तक भारत की कुल नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता 192 जीडब्ल्यू तक पहुंच गई है। इसमें सौर, पवन, बायोमास और जलविद्युत परियोजनाएं शामिल हैं। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक यह क्षमता 500 जीडब्ल्यू तक पहुंच जाए। 2025 में भारत ने केवल अप्रैल से सितंबर के बीच 25 जीडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ी है। इसमें 21.7 जीडब्ल्यू सौर ऊर्जा और 3.09 जीडब्ल्यू पवन ऊर्जा शामिल है। जुलाई 2025 तक देश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 119.02 जीडब्ल्यू थी, जिसमें से 90.99 जीडब्ल्यू जमीन आधारित सौर संयंत्रों और 19.88 जीडब्ल्यू रूफटॉप सिस्टम से आई है। वहीं तापीय ऊर्जा की हिस्सेदारी में गिरावट दर्ज की गई है। अब देश की कुल स्थापित बिजली क्षमता 485 जीडब्ल्यू है, जिसमें तापीय (कोयला व गैस) बिजली सिर्फ 49.9 फीसदी रह गई है। 2015 में यह आंकड़ा 70 फीसदी था। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है जो भारत के हरित ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम को दर्शाता है। इंटरनेशनल थिंक टैंक एम्बर के अनुसार इस वर्ष की पहली छमाही में भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन में 17 टेरावाट-घंटे की वृद्धि हुई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25 फीसदी अधिक है। यह परिवर्तन भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ा रहा है।

# भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता बढ़ाएगा निर्यात और निवेश




**नई दिल्ली** भारत और ब्रिटेन के बीच वृहद आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) पर 24 जुलाई को हस्ताक्षर हुए हैं, जो अगले साल लागू होने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार यह समझौता भारत के निर्यात को बढ़ावा देगा और ब्रिटेन से निवेश आकर्षित करेगा। एक वैश्विक पेशेवर सेवा नेटवर्क के मुताबिक कपड़ा, वाहन कलपुर्जा, जूते-चप्पल और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्र इस समझौते से लाभान्वित होंगे, क्योंकि लगभग 99 फीसदी भारतीय निर्यात के लिए शुल्क-मुक्त बाजार मिलेगा। इसके साथ ही, भारतीय आईटी, वित्तीय, स्वास्थ्य सेवा और पेशेवर सेवा प्रदाताओं के लिए ब्रिटेन के बाजार में नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता कुशल पेशेवरों की आवाजाही को आसान बनाएगा और शिक्षा, नवोन्मेषण व अनुसंधान में सहयोग को मजबूत करेगा।

# एक साल की एफडी पर 10 बैंक दे रहे आकर्षक ब्याज दरें

## वरिष्ठ नागरिकों को मिल रहा अतिरिक्त लाभ




**नई दिल्ली** अगर आप अपनी सेविंग्स को सुरक्षित निवेश में लगाना चाहते हैं तो फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) इस समय एक बेहतरीन विकल्प साबित हो सकता है। बाजार की अनिश्चितता और शेयर बाजार की अस्थिरता को देखते हुए एफडी एक ऐसा निवेश है जो तय ब्याज दर के साथ मानसिक संतुलन भी देता है। खास बात यह है कि वर्तमान में कई बैंक एक साल की एफडी पर 7 फीसदी से लेकर 8 फीसदपी तक का आकर्षक ब्याज दे रहे हैं। डीसीबी बैंक और तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक सामान्य ग्राहकों को 7.25 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 7.75 फीसदी ब्याज दे रहे हैं। वहीं केनरा बैंक, कर्नाटक बैंक, आरबीएल बैंक और बैंक ऑफ इंडिया जैसे बैंक भी 7 फीसदी से 7.5 फीसदी तक का रिटर्न दे रहे हैं। विदेशी बैंक डॉयचे बैंक भी 1 साल की एफडी पर 7 फीसदी ब्याज ऑफर कर रहा है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई सामान्य ग्राहकों को 6.80 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 7.30 फीसदी ब्याज दे रहा है। इसी तरह बैंक ऑफ बड़ौदा और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 6.75 फीसदी से 7.25 फीसदी तक का रिटर्न दे रहे हैं।

# सितंबर में टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी की बिक्री में वृद्धि

## हुंदै और टोयोटा की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट




**नई दिल्ली** सितंबर 2025 में टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपनी खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर बढ़ोतरी दर्ज की है। टाटा मोटर्स की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 13.75 फीसदी हो गई, जबकि पिछले साल यह 11.52 फीसदी थी। कंपनी ने इस महीने 32,586 वाहनों की बिक्री की। वहीं, मारुति सुजुकी ने 1,23,242 इकाइयों की खुदरा बिक्री की, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 41.17 फीसदी तक बढ़ गई। पिछले साल सितंबर में मारुति की बिक्री 1,15,530 वाहन थी। दूसरी ओर, हुंदै मोटर इंडिया की बिक्री और बाजार हिस्सेदारी दोनों में कमी आई है। इस साल सितंबर में हुंदै की बिक्री 35,812 रही, जबकि पिछले साल 38,833 वाहन बेचे गए थे। बाजार हिस्सेदारी 13.72 फीसदी से घटकर 11.96 फीसदी हो गई। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की भी बाजार हिस्सेदारी गिरकर 6.78 फीसदी रह गई, जबकि पिछले साल यह 7.35 फीसदी थी। कंपनी की बिक्री में मामूली गिरावट देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 37,659 वाहनों की बिक्री की, हालांकि उसकी बाजार हिस्सेदारी लगभग स्थिर रही। किआ इंडिया की बिक्री में मामूली वृद्धि हुई लेकिन बाजार हिस्सेदारी घटकर 6.78 फीसदी रह गई। दोपहिया क्षेत्र में हीरो मोटोकॉर्प ने बाजार हिस्सेदारी बढ़ाकर 25.10 फीसदी कर ली, जबकि होंडा मोटरसाइकिल की हिस्सेदारी घटकर 25.05 फीसदी रह गई। टीवीएस मोटर कंपनी की हिस्सेदारी भी बढ़ी। कुल मिलाकर, यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 6 फीसदी और दोपहिया वाहन बिक्री 6.5 फीसदी बढ़ी है।

# अमेरिका-चीन तनाव, महंगाई आंकड़े और तिमाही नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल

## वैश्विक तनाव से बाजार में सतर्कता बढ़ी

**▸▸ घरेलू महंगाई आंकड़ों और कंपनियों के नतीजों पर नजर**

**▸▸ फेडरल रिजर्व चेयरमैन के भाषण से मिल सकते हैं संकेत**

**मुंबई**




इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार की दिशा कई प्रमुख कारकों पर निर्भर करेगी, जिनमें अमेरिका-चीन व्यापार तनाव, घरेलू महंगाई के आंकड़े और प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ये घटनाएं निवेशकों की धारणा को निर्णायक रूप से प्रभावित करेंगी। अमेरिका और चीन के बीच शुल्क को लेकर बढ़ते तनाव ने वैश्विक बाजारों में चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट में भारी गिरावट देखी गई नैस्डैक 3.56 फीसदी, एसएंडपी 500 में 2.71 फीसदी और डॉव जोन्स में 1.90 फीसदी की गिरावट आई। इससे वैश्विक निवेशक जोखिम लेने से कतरा सकते हैं, जिसका असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ेगा। इस बीच घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर खुदरा और थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर होगी। सरकार 13 अक्टूबर को सितंबर महीने की खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) और 14 अक्टूबर को थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े जारी करेगी। इन आंकड़ों से भारतीय रिजर्व बैंक की आगामी मौद्रिक नीति का रुख स्पष्ट हो सकता है।

इसके अलावा, निवेशकों की निगाहें इंफोसिस, एचसीएल टेक, विप्रो, टेक महिंद्रा जैसी आईटी कंपनियों के तिमाही नतीजों पर टिकी होंगी। साथ ही, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक जैसे दिग्गजों के नतीजे भी बाजार की चाल में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

वैश्विक स्तर पर, 14 अक्टूबर को फेडरल रिजर्व चेयरमैन जेरोम पावेल का भाषण निवेशकों के लिए खास रहेगा। उनकी टिप्पणियों से ब्याज दरों और मुद्रास्फीति को लेकर फेड की रणनीति का संकेत मिल सकता है।

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1.59 फीसदी और एनएसई निफ्टी में 1.57 फीसदी की तेजी रही, लेकिन आने वाला सप्ताह अस्थिरता और सतर्कता से भरा रह सकता है। विश्लेषकों ने सलाह दी है कि निवेशक इस सप्ताह सतर्क रणनीति अपनाएं और महत्वपूर्ण घटनाक्रमों पर करीबी नजर बनाए रखें।

# अरुणाचल प्रदेश सरकार ने महंगाई भत्ता तीन फीसदी बढ़ाया

**नई दिल्ली** अरुणाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है। इस वृद्धि के बाद डीए-डीआर का कुल प्रतिशत 55 फीसदी से बढ़कर 58 फीसदी हो गया है। यह वृद्धि 1 जुलाई 2025 से प्रभावी होगी। इससे पहले मई 2025 में भी डीए और डीआर को 53 फीसदी से बढ़ाकर 55 फीसदी किया गया था। यह इस साल कर्मचारियों के लिए दूसरी बार डीए और डीआर में बढ़ोतरी है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बताया कि जुलाई से सितंबर 2025 तक का एरियर भी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को दिया जाएगा। साथ ही अक्टूबर के वेतन और पेंशन में संशोधित डीए-डीआर को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस निर्णय को कर्मचारी कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता बताया और कहा कि इसका उद्देश्य राज्य के सरकारी कर्मचारियों और सेवानिवृत्तों को सम्मानित और समर्थ महसूस कराना है। अरुणाचल प्रदेश के इस फैसले के बाद राज्य के 75,000 से अधिक नियमित सरकारी कर्मचारी, पेंशनभोगी और एआईएस अधिकारी इस लाभ से सीधे प्रभावित होंगे। अब अरुणाचल प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता केंद्र सरकार के कर्मचारियों के समान स्तर पर आ गया है।

# इस सप्ताह सात कंपनियां करेंगी स्टॉक स्प्लिट

## शेयरों की कीमतें कम होने से निवेश करना होगा आसान

**नई दिल्ली**




यह सप्ताह शेयर बाजार के निवेशकों के लिए बेहद खास रहने वाला है। इस हफ्ते निवेशकों को एक साथ तीन बड़े अवसर मिलेंगे स्टॉक स्प्लिट, बोनस शेयर और डिविडेंड। कुल 7 प्रमुख कंपनियों ने अपने शेयरों का स्टॉक स्प्लिट करने की घोषणा की है, जिससे शेयरों की कीमत कम होगी और उनमें निवेश करना आसान हो जाएगा। स्टॉक स्प्लिट करने वाली कंपनियों में गोकुल एग्रो रिसोर्सेज मिटेड, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, एबी इंफ्राबिल्ड लिमिटेड, नर्मदा मैकप्लास्ट ड्रिप इरिगेशन सिस्टम्स लिमिटेड, रोलेक्स रिंग्स लिमिटेड और सुनरक्षक इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड शामिल हैं।

इनमें से अधिकांश कंपनियों की एक्स-डेट 14 से 17 अक्टूबर के बीच है, जिससे पहले निवेश करने पर निवेशक स्टॉक स्प्लिट का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही कॉनकार्ड और वेलक्योर अपने निवेशकों को बोनस शेयर देने जा रही है। वही टीसीएस, एलेकॉन और आनंद राठी वेल्थ ने इंटरिम डिविडेंड की घोषणा की है।

विशेषज्ञों के अनुसार यह समय लंबी अवधि के निवेश के लिए अनुकूल हो सकता है, खासकर उन कंपनियों में जिनकी वित्तीय स्थिति मजबूत है।

निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट का ध्यान रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से निर्णय लें।

# डीमार्ट का मुनाफा बढ़ा, 8 नए स्टोर खुले, ई-कॉमर्स में तेजी

## पहली तिमाही में 685 करोड़ का जबरदस्त मुनाफा, आय भी 15.4 फीसदी उछला

**नई दिल्ली** डीमार्ट सुपरमार्केट और हाइपरमार्केट चेन संचालित करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में अच्छा प्रदर्शन किया है। कंपनी का शुद्ध मुनाफा 3.9 फीसदी बढ़कर 684.85 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह आंकड़ा कम था। इस दौरान कंपनी की कुल आय 15.4 फीसदी बढ़कर 16,676.30 करोड़ रुपए रही। हालांकि ऐबिटिडा (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई) 1,214 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल के 1,094 करोड़ रुपए से अधिक है। बावजूद इसके ऐबिटिडा मार्जिन 7.6 फीसदी से घटकर 7.3 फीसदी पर आ गया, जो परिचालन लागत में बढ़ोतरी का संकेत है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दो साल से अधिक पुराने स्टोर्स की बिक्री में 6.8 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। साथ ही इस तिमाही में 8 नए स्टोर खोले गए, जिससे 30 सितंबर 2025 तक डीमार्ट के कुल स्टोर्स की संख्या 432 हो गई। सरकार द्वारा हाल ही में की गई जीएसटी दरों में कटौती का लाभ भी डीमार्ट ने ग्राहकों तक पहुंचाया।

# कियोसाकी की चेतावनी: अब नहीं चलेगी 60/40 निवेश रणनीति

## 'रिच डैड पुअर डैड' के लेखक ने शेयर-बॉन्ड आधारित पारंपरिक मॉडल को बताया फेल

**नई दिल्ली** फाइनेंशियल एडवाइजर और मशहूर किताब 'रिच डैड पुअर डैड' के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी ने पारंपरिक 60/40 निवेश रणनीति को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल 1971 में खत्म हो गया था, जब अमेरिका ने गोल्ड स्टैंडर्ड को छोड़ा और डॉलर की वैल्यू सिर्फ सरकार के भरोसे पर टिक गई। कियोसाकी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि अब डॉलर और अमेरिकी सरकार पर भरोसा करना मुश्किल है, क्योंकि अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश बन चुका है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, कौन मूर्ख होगा जो ऐसे देश के बॉन्ड खरीदेगा? कियोसाकी ने कहा कि अब समय आ गया है कि लोग बिटकॉइन, सोना और चांदी जैसे असली संपत्तियों में निवेश करें। उनके मुताबिक ये संपत्तियां मुद्रास्फीति और सरकारी छेड़छाड़ से बचाने में सक्षम हैं। वे इन्हें पीपुल्स मनी कहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अब बड़ी वित्तीय कंपनियां जैसे मॉर्गन स्टेनली भी 60/20/20 मॉडल को अपनाने की सिफारिश कर रही हैं, जिसमें वैकल्पिक निवेश को जगह दी जा रही है। कियोसाकी ने कहा कि मैं 30 साल पहले ही आर्थिक रूप से आज़ाद हो गया था। मुझे कभी किसी फॉर्मूले की जरूरत नहीं पड़ी। उन्होंने सलाह दी कि हर व्यक्ति को अपने हिसाब से सही निवेश रणनीति अपनानी चाहिए।



फेस्टिव सीज़न में क्या पहनना है?

# राशि खन्ना हैं आपकी परफेक्ट स्टाइल गाइड!

त्योहारों का मौसम शुरू होते ही सबकी नज़रें पैन-इंडिया स्टार राशि खन्ना पर टिकी हैं, जिनका बेमिसाल एथनिक वॉर्डरोब स्टाइल इंस्पिरेशन से कम नहीं। हवादार कुर्ता सेट से लेकर शाही साड़ियों और खूबसूरत लहंगों तक, राशि हमें दिखाती हैं कि कैसे पारंपरिक फैशन को ग्रेस, ग्लैमर और मॉडर्न ट्विस्ट के साथ अपनाया जा सकता है। यहाँ हैं उनके कुछ सबसे खूबसूरत फेस्टिव लुक्स, जो आपके अपने फेस्टिव स्टाइल गेम को एक नया आयाम देंगे। गुलाबी रंग में सुंदर- वाइब्रेंट कुर्ता चिक राशि ने इस लुक में सादगी और शान का परफेक्ट मेल पेश करती हैं – फ्यूशिया पिंक कुर्ता सेट, जिस पर नाजुक कढ़ाई की गई है। ट्रेडिशनल जुत्तियों और स्टेटमेंट इयररिंग्स के साथ यह लुक उतना ही सहज है जितना कि एलीगेंट। परिवारिक समारोहों, पूजा या छोटे फेस्टिव गेट-टुगेदर्स के लिए यह एकदम परफेक्ट चॉइस है। राशि का यह मस्टर्ड कुर्ता लुक सादगी और एलिगेंस का एक बेहतरीन उदाहरण है। सफेद धागों की कढ़ाई और पारंपरिक चूड़ियाँ इसमें एक नर्म आकर्षण जोड़ती हैं, जो दिन के उत्सवों या कैजुअल फेस्टिव इवेंट्स के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है।

### ➢ साड़ी ग्लैमर: आइवरी एलिगेंस

जो लोग सदाबहार पारंपरिक लुक को पसंद करते हैं, उनके लिए राशि की आइवरी सिल्क साड़ी और कंट्रास्टिंग पिंक ब्लाउज़ एकदम परफेक्ट हैं। गजरे से सजा जूड़ा, स्टेटमेंट ज्वेलरी और मिनिमल मेकअप पुराने ज़माने की खूबसूरती का एहसास देते हैं – फेस्टिव डिनर या सांस्कृतिक समारोहों के लिए यह एक क्लासिक चॉइस है।

### ➢ रीगल रेडियंस: ऑलिव-गोल्ड साड़ी स्टेटमेंट


राशि की तरह बोल्ड और सोफिस्टिकेटेड स्टेटमेंट दें इस डैज़लिंग ऑलिव-गोल्ड साड़ी में, जिसे उन्होंने डीप-कट एम्बेलिश्ड ब्लाउज़ के साथ पेयर किया है। यह लुक पारंपरिक कारीगरी और मॉडर्न स्टाइल का शानदार संगम है – भव्य पारिवारिक आयोजनों या फेस्टिव पार्टियों के लिए एकदम उपयुक्त है।

### ➢ फेस्टिव ड्रीम: ग्रीन और पिंक लहंगा लव

जब फेस्टिव मूड अपने चरम पर हो और आप कुछ नया ट्राय करने का मन हो, तो राशि का यह ग्रीन और पिंक लहंगा तोरानी डिज़ाइनर का सबसे ख़ास त्यौहारी आकर्षण है जो किसी शोस्टॉपर से कम नहीं। बारीक डिटेलिंग, रिच कलर्स और पारंपरिक ज्वेलरी के साथ यह लुक शादियों, रिसेप्शन या दीवाली पार्टीज़ के लिए परफेक्ट है।

# सोनू सूद फिर जरूरतमंद परिवार की मदद के लिए आगे आए

**अपनी** अटूट करुणा और संवेदनशीलता की एक और दिल छू लेने वाली मिसाल पेश करते हुए अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद एक बार फिर एक ज़रूरतमंद परिवार की मदद के लिए आगे आए। एक सोशल मीडिया यूजर ने उन्हें एक मैसेज भेजा, जिसमें याद दिलाया गया कि सोनू सूद पंजाब की बाढ़ के समय इसी परिवार से मिले थे। संदेश में लिखा था –सोनू सूद भाई, आप इस परिवार से पंजाब बाढ़ के समय मिले थे। कृपा करके इन्हें मदद करें। करोड़ों लोगों की मदद की है आपने। ?? सूद फाउंडेशन अपने 'एक्शन मैन' वाली पहचान को साबित करते हुए सोनू सूद ने तुरंत इस अपील का जवाब दिया। बिना किसी देरी के उन्होंने भरोसा दिलाया कि मदद पहले से ही चल रही है, और जवाब दिया, इलाज शुरू करवा दिया है। सब दुआ करते रहें। उनकी प्रतिक्रिया की सरलता और तत्परता ने एक बार फिर संकटग्रस्त लोगों के प्रति उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण और सच्ची प्रतिबद्धता को उजागर किया। सोनू के लिए, परोपकार एक दिखावा नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। पिछले कुछ वर्षों में, सोनू सूद देश भर के अनगिनत लोगों के लिए आशा और मानवता के प्रतीक बन चुके हैं। चाहे चिकित्सा सहायता दिलवाना हो, आर्थिक मदद पहुँचानी हो या आपदाग्रस्त परिवारों को संभालना – उनकी संस्था सूद फाउंडेशन के माध्यम से किए गए निरंतर प्रयास आज भी लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। एक बार फिर, उनके काम ने यह साबित कर दिया कि असली हीरो वही होता है जो संवेदना और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ता है।





# पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचे सुनील शेट्टी

**पर्सनैलिटी** राइट्स की सुरक्षा के लिए बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एक्टर ने कोर्ट से मांग की है कि बिना अनुमति के उनके फोटो का इस्तेमाल जुए की साइट्स, बिजनेस साइट्स और कई गलत जगहों पर किया जा रहा है, ऐसे में उन्हें पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा दी जाए। सुनील शेट्टी के वकील, वरिष्ठ एडवोकेट बिरेन्द्र सराफ ने कहा कि सुनील शेट्टी फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं और उनकी बिना इजाजत के उनकी तस्वीरें, वीडियो और डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल अलग-अलग बिजनेस साइट्स कर रही हैं। ज्यादा तस्वीरें और वीडियो का इस्तेमाल प्रोडक्ट के विज्ञापन और सेल को बढ़ाने में किया जा रहा है, जिससे ऐसा लगता है कि शेट्टी इन ब्रांड्स या सेवाओं से जुड़े हैं, जबकि हकीकत में उनका उन ब्रांड से कोई लेना-देना नहीं है। इससे दर्शकों के बीच एक्टर की छवि को लेकर गलत मैसेज जाता है। सुनील शेट्टी की तरफ से दायर की गई याचिका में डीपफेक फोटो का भी जिक्र है।

# चंदू चैंपियन के लिए कार्तिक आर्यन को मिला सम्मान

● गौतम अडानी ने सम्मानित किया, सुभाष घई बोले- एक्टर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम



**मुंबई के व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल में शुक्रवार को आयोजित Celebrate Cinema 2025 के समापन समारोह में इंडस्ट्री के कई दिग्गज एक मंच पर नजर आए। इस मौके पर अडानी ग्रुप चेयरमैन गौतम अडानी ने अभिनेता कार्तिक आर्यन को फिल्म चंदू चैंपियन के लिए सम्मानित किया। मंच पर डॉ. प्रीति अडानी, सुभाष घई, राजकुमार हिरानी, जैकी श्रॉफ और महावीर जैन भी मौजूद रहे। इस मौके पर सुभाष घई ने बताया कि कार्तिक का फिल्म चंदू चैंपियन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम है।**

समापन समारोह के दौरान अडानी ने सॉफ्ट पावर ऑफ सिनेमा पर बात करते हुए कहा कि सिनेमा सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि देश की पहचान और भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा - अब वक्त है कि भारत की कहानी भारतीय नजरिए से दुनिया तक पहुंचे।ढ्ढ तकनीक पर बात करते हुए अडानी ने कहा किढ्ढ से डरने के बजाय उसे अपनाना चाहिए, क्योंकि यही फिल्ममेकिंग का भविष्य है।

गौतम अडानी से सम्मानित होने के बाद कार्तिक आर्यन ने कहा, सर, आपकी स्पीच मेरी जिंदगी की सबसे प्रेरणादायक स्पीच में से एक थी। मैंढ्ढ से डरता था, लेकिन आपने मेरी सोच बदल दी।'' उन्होंने व्हिसलिंग वुड्स को देश का श्रेष्ठ फिल्म स्कूल बताया और सुभाष घई को अपने करियर का अहम मार्गदर्शक कहा। सुभाष घई ने भावुक होकर कहा- बहुत कम लोग जानते हैं कि कार्तिक मेरी फिल्म कांची के हीरो थे और छह महीने तक मेरे असिस्टेंट डायरेक्टर भी रहे। चंदू चैंपियन उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम है। राजकुमार हिरानी ने अडानी के भाषण को शोले की स्पीच जैसा ऐतिहासिक बताया और कहा कि सिनेमा की सॉफ्ट पावर उसकी सच्चाई में है।

इंटरनेशनल म्यूज़िक फेस्टिवल अनटोल्ड

# दुबई 2025 में ग्लोबल स्टार नोरा फतेही मुख्य होंगी आकर्षण



**ग्लोबल** स्टार नोरा फतेही एक बार फिर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं क्योंकि वह दुनिया के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित म्यूज़िक फेस्टिवल्स में से एक UNTOLD दुबई 2025 के स्टार-स्टडेड लाइनअप में शामिल होंगी। यह फेस्टिवल 6 से 9 नवम्बर तक एक्सपो सिटी दुबई में आयोजित होगा, जहां नोरा, जे बाल्विन, मार्टिन गैरिक्स और एलन वॉकर सहित विश्व के कुछ सबसे बड़े संगीत हस्तियों के साथ मंच साझा करेंगी। यह फेस्टिवल, जो अपनी भव्य प्रस्तुति, विविध कलाकारों की मौजूदगी और अद्भुत अनुभव के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है, इस वर्ष अपने शानदार अंदाज़ में वापसी कर रहा है, और नोरा का मुख्य परफॉर्मेंस इस फेस्टिवल की सबसे बड़ी आकर्षणों में से एक होने वाली है। दर्शक उम्मीद कर सकते हैं एक हाई-एनर्जी प्रस्तुति की, जिसमें नोरा की सिग्नेचर डांस एनर्जी, पॉप स्टाइल और इंटरनेशनल साउंड का अनोखा संगम देखने को मिलेगा – जो एक ग्लोबल परफ़ॉर्मर के रूप में नोरा के विकास को दर्शाता है। ओह मामा! टेटेमा और स्नेक जैसे चार्ट-टॉपिंग हिट्स से लेकर जेसन डेरुलो और रेवनी के साथ ग्लोबल कोलैबोरेशन तक, और अब जल्द ही रिलीज होने वाली सॉन्ग शेनसीया के साथ उनके बहुप्रतीक्षित आगामी अंतर्राष्ट्रीय पॉप सिंगल जस्ट अ गर्ल तक, नोरा फतेही संगीत और प्रदर्शन के माध्यम से संस्कृतियों को जोड़ती रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो चुका है, जो उनके बढ़ते वैश्विक प्रभाव और सफलता में एक और उपलब्धि जोड़ता है, क्योंकि वह हर रिलीज़ के साथ ग्लोबल चार्ट और चर्चाओं पर हावी रहती हैं।

# 60 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी की सफाई

**मुंबई** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ दर्ज 60 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में जांच तेज कर दी है। इसी कड़ी में पिछले सप्ताह शिल्पा शेट्टी का बयान दर्ज किया गया। जांच एजेंसी के अनुसार, शिल्पा शेट्टी ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने बेस्ट डील टीवी से 4 करोड़ रुपए लिए, लेकिन यह रकम किसी निवेश या कारोबारी सौदे की नहीं थी, बल्कि उनकी सेलिब्रिटी फीस थी। शिल्पा शेट्टी ने जांचकर्ताओं से कहा कि मैं बेस्ट डील टीवी की डायरेक्टर जरूर थी, लेकिन जिन 4 करोड़ रुपए की बात हो रही है, वो मैंने कंपनी के प्रचार और विज्ञापन के लिए बतौर सेलिब्रिटी लिए थे। मैंने उस प्लेटफॉर्म पर एक विज्ञापन अभियान में हिस्सा लिया था, जिसके एवज में मुझे भुगतान किया गया। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शिल्पा शेट्टी ने कंपनी से जनवरी 2016 में अपने डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, जिस कंपनी में वे डायरेक्टर थीं, उसी से पैसे लेने का मामला अब जांच के दायरे में है। यह सही है या गलत, यह अभी सब्जेक्ट टू इंटरप्रिटेशन है। अधिकारी ने आगे कहा कि जांच के दौरान कंपनी से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल में एक और अहम जानकारी सामने आई है। शुरुआती चरण में इस कंपनी में बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार भी इक्विटी होल्डर रह चुके हैं। हालांकि, अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में अक्षय कुमार का कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं पाया गया है। अक्षय कुमार ने कभी भी कंपनी की किसी बोर्ड मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया और न ही वे कंपनी के रोजमर्रा के कार्यों से जुड़े थे। बता दें कि शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा पर व्यवसायी दीपक कोठारी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। कोठारी का दावा है कि दंपति ने मिलकर उनका पैसा व्यवसाय में विस्तार करने के लिए कर्ज के तौर पर लिया था, लेकिन टैक्स को लेकर दोनों ने इसे निवेश के तौर पर दिखाने के लिए कहा। कोठारी ने शिकायत में यह भी कहा कि शिल्पा ने उनसे वादा किया था कि वह ब्याज की रकम भी टाइम पर लौटाएंगी, लेकिन पैसे वापस करने के समय शिल्पा ने कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया। एक्ट्रेस ने व्यवसाय में विस्तार के नाम पर पैसे लिए, लेकिन अपने निजी चीजों में खर्च कर दिए।



# अश्लीलता वाली फिल्मों की मंजूरी पर जावेद अख्तर ने उठाया सवाल

दोहरे अर्थ वाले गानों के बारे में भी की बात



**गीतकार** जावेद अख्तर ने फिल्मों की सेंसरशिप पर अपनी राय रखी है। उन्होंने दोहरे अर्थ वाले गानों के बारे में भी बात की है। आइए जानते हैं उनके विचार। मशहूर गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्मों की सेंसरशिप पर बात रखी है। उन्होंने इस बात पर निराशा जताई है कि समाज की वास्तविकता को दर्शाने वाली फिल्मों को भारत में सेंसरशिप का सामना करना पड़ता है, जबकि अश्लीलता से भरपूर फिल्मों को मंजूरी मिल जाती है।

### अश्लील फिल्मों को मिलती है मंजूरी

शुक्रवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए, अख्तर ने कहा कि खराब दर्शक ही एक खराब फिल्म को सफल बनाते हैं। अनंतरंग 2025 के प्रोग्राम में बोलते हुए उन्होंने कहा इस देश में, सच्चाई यह है कि अश्लीलता को (फिल्म नियामक संस्थाओं से) मंजूरी मिल जाती है। उन्हें पता ही नहीं है कि ये गलत मूल्य हैं, एक पुरुषवादी दृष्टिकोण है जो महिलाओं को अपमानित करता है। जो चीजें समाज को आईना दिखाती हैं, उन्हें मंजूरी नहीं मिलती।

### फिल्में समाज की खिड़की हैं

जावेद अख्तर ने कहा फिल्म समाज की एक खिड़की होती है, जिससे आप झांकते हैं, फिर खिड़की बंद कर देते हैं, लेकिन खिड़की बंद करने से जो हो रहा है, वह ठीक नहीं हो जाएगा। उन्होंने कहा पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य की वजह से ही ऐसी फिल्में बन रही हैं। अगर पुरुषों का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो जाए, तो ऐसी फिल्में नहीं बनेंगी। अगर बन भी जाएंगी तो (सिनेमाघरों में) नहीं चलेंगी।

साभार एजेंसी

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in